



# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-02-2021 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-23 | अंक-17 | भीलवाड़ा/ 22 फरवरी, 2021 | कुल पृष्ठ- 10 | मूल्य : 15 रुपए













## सीसीआई की 10 लाख गांठ कॉटन निर्यात की योजना -श्रीमती ईरानी



**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

वस्त्र मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने इस बात से इन्कार किया है कि कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की 10 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) निर्यात करने की कोई योजना नहीं है। सीसीआई रोजाना नीलामी द्वारा निर्यात के लिए कॉटन की बिक्री कर रही है। सीसीआई ने एक अक्टूबर से आरंभ हुए कॉटन वर्ष 2020-21 में 6 फरवरी तक कुल 90.87 लाख टन कॉटन की खरीद की थी, जो कुल अनुमानित उत्पादन का 24.49 प्रतिशत है।

**सीसीआई रोजाना नीलामी द्वारा निर्यात के लिए कॉटन की बिक्री कर रही है**

श्रीमती ईरानी के अनुसार अब अधिकांश मंडियों में कॉटन के भाव सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी से ऊपर चले गए हैं इसलिए अब सीसीआई ने खरीद कम कर दी है, ताकि मिलों को कॉटन उचित मूल्य पर मिलती रहे। सीसीआई ने 6 फरवरी तक कुल 90.87 लाख गांठ कॉटन की खरीद की है।

उन्होंने बताया कि विगत दिनों सीओसीपीसी की बैठक में देश में 2020-21 के दौरान कॉटन उत्पादन का अनुमान 371 लाख गांठ का लगाया गया है। इस प्रकार सरकार ने कुल उत्पादन की 24.49 प्रतिशत कॉटन की खरीद की है। सरकार ने तेलगांना में सबसे अधिक 33.33 लाख गांठ कॉटन की खरीद की है, जबकि वहां पर उत्पादन 60 लाख गांठ होने का अनुमान है। महाराष्ट्र में कॉटन की खरीद 17.45 लाख गांठ की की है, जबकि उत्पादन का अनुमान 86 लाख गांठ का है। हरियाणा में 25 लाख गांठ के उत्पादन में से सरकारी खरीद 10.52 लाख गांठ की हुई है, जबकि पंजाब में 12 लाख गांठ के उत्पादन में से 5.38 लाख गांठ की खरीद की है। राजस्थान में 27 लाख गांठ के उत्पादन में से 9.11 लाख गांठ की खरीद की है, जबकि मध्य प्रदेश में 21 लाख गांठ के उत्पादन में से 4.39 लाख गांठ की खरीद की है।

हालांकि गुजरात देश में कॉटन का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और वहां पर उत्पादन का अनुमान 90.50 लाख गांठ का है, लेकिन सरकारी खरीद केवल 4.05 लाख गांठ की हुई है। तमिलनाडु में उत्पादन का अनुमान 5 लाख गांठ का है, लेकिन वहां पर सरकारी खरीद नहीं हुई है। कर्नाटक में 20 लाख गांठ की आवक में से केवल 1.26 लाख गांठ ही सरकार ने खरीदी है, जबकि उड़ीसा में 4.50 लाख गांठ के उत्पादन में से केवल 1.98 लाख गांठ खरीदी है। कपड़ा मंत्री के अनुसार भारत में कॉटन उत्पादन सरप्लस है तथा इसका निर्यात देश में कॉटन की कुल उपलब्धता को प्रभावित नहीं करेगा। इससे किसानों को लाभ ही होगा, क्योंकि उन्हें कॉटन के भाव अधिक मिल सकेंगे।
















## मार्च से बाजार के चलने की संभावना
## गारमेण्ट में ढीला रुख

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेण्ट में टोन ढ़ीला है। न तो स्थानीय स्तर पर ग्राहकी का सपोर्ट मिल रहा है, न ही निर्यात में अच्छा कारोबार हो रहा है। सिर्फ रोजमर्रा उपयोग के होजरी आइटमों, बरमुडा, टीशर्ट, गाउन इत्यादि की ही मांग है। यह स्थिति मेन्सवीयर, लेडीजवीयर सभी में दिखाई दे रही है। अभी भी ज्यादातर लोग घर बैठे काम कर रहे हैं, जिसका बुरा असर मेन्सवीयर की मांग पर अधिक हुआ है। खादी की बिक्री में भी गिरावट उस समय आई, जब इसमें डिस्काउण्ट दिया जा रहा था।

गारमेंट में कारोबार बढ़ने के बदले थोड़ा घटा है। रिटेलर्स अंदरखाने डिस्काउंट देते रहते हैं। अभी छोटे-बड़े सभी ब्रांडों में आसानी से डिस्काउंट मिल जाता है। फरवरी तक इसी तरह की स्थिति रह सकती है। गारमेंट मैन्यूफैक्चरर्स अब नये माल बाजार में उतारने की पुरजोर तैयारी में हैं। आगामी सीजनल मांग को लेकर गारमेंट उत्पादक सक्रिय हैं। रिटेलर्स नया माल खरीदने लगे हैं। अपेरल मैन्यूफैक्चरर्स को देसावरी मंडियों के व्यापरियों से ऑर्डर मिलने लगे हैं। गारमेंट की छोटी-बड़ी सभी इकाइयों में काम शुरू हो चुका है। लेबर की समस्या आड़े नहीं आ रही है, हालांकि गारमेंट में इस्तेमाल होते कपड़ों की मांग बहुत अच्छी नहीं है। अच्छी क्वालिटी के पेंट एवं शर्ट्स, जींस ट्राउजर्स इत्यादि की मांग धीरे-धीरे बढ़ने का अनुमान है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना के कारण गारमेंट को बड़ा झटका लगा है, लेकिन अब हालात के तेजी से सुधरने के आसार भी लग रहे हैं। गारमेंट में मौजूदा मंद बिक्री का यह दौर अस्थाई माना जा रहा है। धन संकट एवं अन्य कारणों से लोगों का ध्यान जरूरी खर्च तक सीमित रहने से गारमेंट के सभी खंड में बिक्री कमजोर है, यहां तक कि छोटे एवं बड़े ब्रांडों का आकर्षक डिस्काउंट भी ग्राहकों को आकर्षित नहीं कर सका। गारमेंट का यह अस्थाई चक्र जल्द ही बदलेगा, क्योंकि मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों को स्थानीय एवं निर्यात के ऑर्डर मिल रहे हैं। बैंगलोर इस उद्योग का सबसे बड़ा केंद्र है। अब तो अहमदाबाद में भी छोटी-बड़ी कई ऐसी इकाइयां कार्यरत है, जहां गारमेंट का उत्पादन हो रहा है। इन इकाइयों में निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता के पेंट, शर्ट तथा ट्राउजर बन रहे हैं। यह डेनिम का गढ़ पहले से ही रहा है।

## सीसीआई की कॉटन की भारी मांग

**नई दिल्ली/राजेश शर्मा**

इस समय कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की कॉटन की मिलों और निर्यातकों की भारी मांग बनी हुई है। हालांकि गत सप्ताह सीसीआई ने कॉटन के बेस प्राइस में 200-500 रुपए प्रति खंडी की वृद्धि की थी, लेकिन उसके बावजूद मांग अच्छी रही। सीसीआई ने चालू सीजन की कॉटन के बेस प्राइस में 500 रुपए खंडी की वृद्धि की थी, जबकि पुराने सीजन की कॉटन के भाव 200 रुपए बढ़ाए थे। इसके बावजूद केवल दो दिनों (मंगलवार और बुधवार) को लगभग 5 लाख गांठ बेची, जिसमें लगभग 21,000 गांठ निर्यात के लिए भी थी। उल्लेखनीय है कि सीसीआई पुराने सीजन की लगभग सारी कॉटन बेच चुकी है तथा चालू सीजन की भी काफी मात्रा बेच चुकी है।






























# गर्मी के वस्त्रों से सजी दुकानें

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंहल**

मुजफ्फरनगर की कपड़ा मार्केट में कामकाज मध्यम दर्जे का है। भरपूर सीजन का आगाज अब तक नहीं हुआ है, पेमेंट की आवक में भी गति का अभाव नज़र आ रहा है। बाजार में कमजोर लगन सावें, तीज त्यौंहार न होने का स्पष्ट नकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। आशा है कि बाजार में पूर्ववर्ती मध्यम गति से ही प्रत्येक सेगमेंट सूटिंग-शर्टिंग, लेडीज सूट, साड़ी रेडीमेड गारमेंट्स, हैण्डलूम में कामकाज जारी रहे। यद्यपि मौसम में सुधार होने के कारण प्रत्येक सेगमेंट से गरम वस्त्रों की बिक्री समाप्त हो गई तथा दुकानदारों ने गर्मी के हिसाब से कॉटन के ठंडे वस्त्रों से अपने प्रतिष्ठान सजा लिए हैं। हैंडवर्क सूट के निर्माता श्री नितिन वर्मा के अनुसार हैंडवर्क मुजफ्फरनगर निर्मित लेडीज सूट का माल देश की प्रायः सभी बड़ी मंडियों में निर्बाध गति से जा रहा है।

# ग्राहकी धीमी, भावों में तेजी की धारणा

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

इस समय बाजार में ग्राहकी धीमी है। मार्च-अप्रैल से शादी ब्याह के लग्न होने से आगे ग्राहकी में तेजी की धारणा है। ग्रे कॉटन व सिंथेटिक के भाव बढ़े हुए हैं, वहीं कलर केमिकल में भरपूर तेजी बनी हुई है क्योंकि कच्चे तेल के भावों में रोज इजाफा हो रहा है। पाली चूदड़ी का माल कम छप रहा है। लगभग सभी प्रकार के कपड़ों में तेजी की धारणा बनी हुई है। पेमेंट की आवक में सुधार हुआ है। स्कूल ड्रेस में मांग निकली है। रेमण्ड, कॉटन, व्हाइटहाउस, पीक×पीक व समरकूल में भाव बढ़ा कर बोले जा रहे हैं। बाहर की प्रमुख मण्डियों से कपड़ा आवश्यकतानुसार ही आ रहा है।




# कपड़ा उद्यमी का खाता हैक कर निकाल लिए ₹ 77 लाख

**भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास**

स्थानीय वस्त्र मण्डी की सूटिंग कम्पनी प्रकाश सिन्थेटिक (लालानी सूटिंग) के ऑनर श्री हरकचन्द लालानी के बैंक खाते से साइबर गैंग द्वारा 77 लाख रूपये निकाल लिये।

जानकारी अनुसार शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र अधिकारियों के अनुसार कम्पनी के ऑनर द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के पश्चात् **पुलिस और बैंक की प्रारम्भिक जाँच में सामने आया कि साइबर ठगों ने फैक्ट्री मालिक के सीसी बैंक अकाउण्ट से 8 2 लाख रूपये निकाले। इसके बाद 77 लाख रूपये तीन अलग-अलग अकाउण्ट में ट्रासंफर कर दिये** और एटीएम कार्ड के जरिये रूपये निकालने पर 5 लाख रूपये नहीं निकाल पाए, जो वापस अकाउण्ट में ट्रांसफर हो गये। इस बीच उद्यमी द्वारा पता चलते ही बैंक को सूचना देकर खाते फ्रीज करवाए। ये सभी खाते नोएडा के बताए जा रहे हैं, जो एचडीएफसी बैंक से जुड़े हैं। इसलिए पुलिस को शक है कि इस मामले में कोई बाहर ही साइबर अपराध करने वाली गैंग जुड़ी हुई है। बैंकिंग एक्सपर्ट और पुलिस का शुरुआती तौर पर मानना है कि ये खाते फ्रॉड हो सकते हैं या किसी को डमी बनाकर बनाए जा सकते हैं, क्योंकि इस तरह के अपराध करने वाले सही खाते नहीं खुलवा सकते है। अब पुलिस इन खातों की जानकारी जुटा रही है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह अकाउंट हेक करने का मामला इसलिए भी लग रहा है कि व्यापारी के अनुसार उन्होंने ओटीपी किसी को नहीं दिया। ऐसे में बिना ओटीपी मांगे ठगी करने का इशारा अकाउंट हैक करने की तरफ ही जाता है।

## खाता हैक कर नेट बैंकिंग से ठगी या डाटा लीक भी -साइबर सलाहकार, दिल्ली

सीसी अकाउंट में यूपीआई आईडी नहीं बनती है। इसमें लेन-देन नेट बैंकिंग के जरिए होता है। ऐसे में संभावना है कि साइबर ठगों ने अकाउंट हैक कर राशि ट्रांसफर कर ली। दूसरी संभावना




ये भी है कि ठगी के शिकार हुए व्यक्ति के अकाउंट से जुड़ा डाटा किसी नजदीकी व्यक्ति के सामने लीक हो गया हो। अब पुलिस बैंक से मदद लेकर जिन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर हुए, उनकी जानकारी जुटाते हुए उन अकाउंट को फ्रीज करवाकर ठगों तक पहुंचने की कवायद करेगी। इसके साथ ही इंटरनेट सर्विस देने वाली और टेलीकॉम कंपनियों की मदद से साइबर अपराधी तक पहुंचने का प्रयास करेगी। इन हालात में हमारा सुझाव है कि कभी भी ईमेल या मैसेज से मिले लिंक पर जाकर इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट लॉगिन ना करें। अपने इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट की लॉगिन डिटेल्स किसी के साथ साझा नहीं करें। इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट में लगे फोन नंबर वाले सिमकार्ड को हमेशा अपने पास एवं चालू रखें। इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट में लगे ई-मेल अकाउंट को भी सुरक्षित रखें। लॉगिन के समय ब्राउजर में बैंक का यूआरएल खुद टाइप करें। ब्राउजर से मिलने वाले सुझावों पर क्लिक न करें। नेट बैंकिंग वाले सिस्टम में एंटी वाइरस रखें। इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट के लॉगिन एवं ट्रांजेक्शन पासवर्ड जटिल रखें एवं हर 15-20 दिन में बदलते रहें। कभी भी ईमेल या सोशल मीडिया मैसेंजर से नेट बैंकिंग पासवर्ड शेयर ना करें। अपने अकाउंट की ट्रांजेक्शन हिस्ट्री और बेनिफिशरी डिटेल्स लगातार चेक करते रहें।

## मैं सो रहा था, न तो कॉल आया न ही ओटीपी बताया: व्यापारी

**साइबर ठगी**

व्यापारी हरकचंद लालानी ने बताया कि वे मंगलवार रात को सो रहे थे। रात करीब एक से 1.30 बजे उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से ओटीपी आया। हालांकि रात को न तो किसी का कॉल आया और न ही किसी को ओटीपी बताया, इसके बावजूद रुपए दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर हो गए। इधर, थाना प्रभारी भजनलाल ने मामले की जानकारी एसपी विकास शर्मा को दी तो उन्होंने तत्काल साइबर एक्सपर्ट की टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए हैं। साइबर टीम प्रारंभिक तौर पर मिले तथ्यों के आधार पर साइबर अपराधियों की जानकारी जुटाने में लग गई है और अभी तक सुराग नहीं लगा है।

# बैंगलोर में लिनन क्लब के वस्त्र शोरूम का भव्य उद्घाटन

**बैंगलोर/** बैंगलोर में आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा संचालित डिजाइनर वस्त्र की सुप्रसिद्ध ब्राण्ड लिनन क्लब के 10 वें विशाल शोरूम का भव्य उद्घाटन दि. 12.02.2021 को कल्याण नगर में सुप्रसिद्ध व्यवसायी श्री जयचन्द धोका द्वारा किया गया। इस अवसर पर लिनन क्लब के रिटेल हेड श्री सौरभ सिह्वा, जे.एस.फैशन के श्री जुगराज जैन, माणकचन्द ग्रुप के श्री प्रशान्तजी बाफणा पूना के श्री राजू चौपड़ा, श्री सुरेश जी लोढ़ा एवं श्री राजेन्द्र धोका आदि गणमान्यजनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया इस शोरूम में लिनन क्लब ब्राण्ड से निर्मित लिनन, कॉटन, रेडीमेड वस्त्र आदि उपलब्ध होंगे। यह जानकारी शोरूम के संचालक श्री राहुल धोका एवं श्री आकाश धोका द्वारा दी गई।








# उधारी लौटने से व्यापारियों को राहत

**आगरा/ दर्शन थावानी**

कपड़ों में इस तरह अचानक आई तेजी से लाभ की संभावना है। स्टॉकिस्टों एवं व्यापारियों के पास पुराना माल गायब हो गया है पुरानी उधारी लौटने से जहां एक और आर्थिक संकट से जूझ रहे व्यापारियों की भारी राहत मिली, वहीं बाजार में हलचल बढ़ने की पूरी उम्मीद है। बाजार में अब उधारी के धंधे में भारी कमी भी देखने को मिली है। लोकल ट्रेन चलाने को रेलवे तैयार बैठी है, सिर्फ राज्य सरकार की हरी झंडी मिलने की प्रतीक्षा है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में देश भर के शुरू हुए टीकाकरण अभियान से देश की अर्थव्यवस्था जल्द ही पटरी पर लौटने की उम्मीद बढ़ रही है। बहुत दिनों के बाद व्यापारियों को आगे का व्यापार सुंदर एवं अच्छा महसूस हो रहा है। कॉटन कपड़े में करीब सभी कपड़ों में बहुत अच्छी तेजी का दौर चल रहा है। सिंथेटिक मार्केट भी धीरे-धीरे तेजी की ओर अग्रसर हो रहा है किन्तु छोटे व मझले व्यापारियों को व्यापार में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिंथेटिक व कॉटन ग्रे में तेजी का रुख बना हुआ है। सूटिंग, शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल आदि सभी आइटम्स में तेजी चल रही है और फिलहाल मंदी के आसार नहीं हैं। पेमेंट की आवक में सुधार हुआ है। आगे आगरा की मार्केट में पाली के दुपट्टे की अच्छी डिमांड है। बाराबंकी और टाण्डा के स्टोल की अच्छी डिमांड बनी हुई है। पाली के कॉटन के दुपट्टे की बहुत ही अच्छी डिमांड है और बुकिंग भी अच्छी मिल रही है। सूट में रेयॉन प्रिंट की अच्छी डिमांड है।

# माल में तेजी से बाजार में संकट की स्थिति


**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

तेजी के तेवर बराबर तेज हो रहे हैं, इससे बाजार की स्थिति चिन्तनीय बन गई है। माल खरीदने और बेचने वाले दोनों विकट स्थिति के शिकार हो गये हैं। जिस ढंग की तेजी ने अपने पंख पसारे हैं, उस हिसाब से व्यापारी माल का सौदा करने का इच्छुक नहीं है। वह चाहता तो पुराने भावों में माल लेना, परन्तु उत्पादक ऐसा करने को उत्सुक नहीं। इससे बिक्री और उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। सामान्य तेजी से तो उत्साह वृद्धि का माहौल बनता है, पर इस बार की तेजी ने सभी को उहा पौह की स्थिति में डाल दिया है। फिलहाल स्टॉक में तैयार माल की कमी नहीं है, परन्तु ग्राहकी में दम नहीं रहा है। यार्न में दिनों दिन तेजी से ग्रे क्लोथ की कीमतों में उछाल है।

रोजमर्रा की खपत से मजबूरी में ही माल लिया जा रहा है। विद्यमान परिस्थिति में बिक्री में शिथिलता का बोलबाला है तथापि उद्यमियों को विश्वास है कि आगे की सीजन में वैवाहिक मांगलिक कार्यो की उपस्थिति से पुनः जोरदार स्थिति बने बिना नहीं रहेगी। वैसे भावों की स्थिरता से उद्योग परिचालन को सम्बल मिलता है। आम ग्राहकी पर सीधा असर भले ही प्रतीत होता हो, इसके बावजूद नामचीन उत्पादकों के पास आज भी उनकी क्वालिटी व साख के आधार पर संतोषजनक कार्य प्रक्रिया अस्तित्व में है। जानकारी के अनुसार गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध नामचीन ब्रांड धारकों की पोपलिन, पेटिकोट, नाइटी, कुर्ती, सूट व पॉकेटिंग क्लोथ के उत्पादकों को पूरा प्रश्रय मिल रहां है।

बदलते समय और आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में कई नए उत्पादनों को तरजीह मिल रही है और लगता है निकट भविष्य में यह क्षेत्र गारमेंट के साथ कई अन्य उत्पादनों के विशिष्ट और वर्चस्व केंद्र बने बिना नहीं रहेगा। रिफायनरी के प्रगतिगामी सृजन से यह क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध और महत्वपूर्ण हुए बिना नहीं रहेगा। सब से प्रबुद्ध विक्रेताओं के अनुसार रिफाइनरी से विशाल उद्योगों को स्थापित होने का मौका मिलेगा। इसके लिए रीको प्लॉटों को काटने की दिशा में कार्य द्रुतगति से करने के समाचार हैं।

बालोतरा जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रक संयंत्र का नया प्लांट तैयार होने के बाद उत्पादकों को प्रदूषित जल को शोधन हेतु भेजने में भारी राहत का अहसास होगा। इससे उद्यमियों की अपनी स्वीकृत क्षमता के अनुसार कार्य करने का मौका मिलेगा। फिलहाल उत्पादक मात्रा 40 प्रतिशत क्षमता का ही उपयोग करने के अधिकारी हैं। सीआईटीपी कार्यकारिणी के नए चुनाव विधान में संशोधन के लिए निकट भविष्य में आम सभा का आयोजन होगा, जिसमें विलक्षण प्रतिभा संपन्न सेवाभावी लोगों का चयन किया गया तो ट्रस्ट से उद्यमियों को और नई सौगातें मिलनी संभव बन सकेगी, जिससे निरंतर उत्पादन को निश्चित रूप से नई राह मिलेगी। प्रदूषण के संदर्भ में जो कार्य और योजनाएं अमलीजामा पहन रही हैं, उससे औद्योगिक की दृष्टि से यह क्षेत्र आदर्श बन सकेगा। आस्था के पुष्पों से संपन्न यह रंगों की इंद्रधनुषी नगरी खुशहाली के पलों से लदकर एक नई इबारत की साक्षी बनेगी, इसमें दो राय नहीं है।




# पाटोदी वस्त्र उत्सव 2021 धमाकेदार रूप से सम्पन्न







**छिन्दवाड़ा**

स्थानीय वस्त्र मण्डी की शीर्ष होलसेल फर्म ईश्वरलाल, सूरजमल, पाटोदी व महेन्द्र वस्त्र भण्डार के तत्वावधान में दिनांक 20 जनवरी से 10 फरवरी तक पाटोदी वस्त्र उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सूरत, मुम्बई, भीलवाड़ा, कोलकाता, जयपुर एवं दिल्ली इत्यादि शहरों के मैन्यूफैक्चरर्स ने अपने -अपने उत्पादों का डिस्प्ले किया। इस दौरान शिरकत करने आए रिटेलर्स ने भरपूर बुकिंग कराई। इसमें 300 से 350 रिटेलर्स ने भाग लिया। इस दौरान फर्म के ऑनर्स में श्री महेन्द्र पाटोदी, श्री सतीश पाटोदी एवं श्री प्रणय पाटोदी के कुशल प्रबन्धन से सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया एवं संचालन टीम की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया।





# पावरलूम उद्यमियों की समस्या का हल मार्च तक -मंत्री असलम शेख

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

पावरलूम उद्यमियोंकी समस्या को लेकर मुंबई में वस्त्रोद्योग मंत्री असलम शेख की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मंत्री श्री शोध ने कहा कि पावरलूम उद्यमियों के कर्ज के ब्याज दर में पांच फीसदी सहूलियत के आए सभी नामांकनों की मार्च तक निर्गत कर उनको अनुदान दिया जाएगा। साथ में 27 एचपी के नीचे पावरलूम के लिए एक रुपए की सहूलियत, 27 एचपी के उपर पावरलूम धारकों के लिए 75 पैसे का अमल, यह दोनों समस्याओं का हल भी निकाला जाएगा। यह आश्वासन वस्त्रोद्योग मंत्री अस्लम शेख ने मुंबई में हुई बैठक में दिया।



राज्य की सूत गिरणी, वस्त्रोद्योग प्रकल्प और रेशीम उद्योग की समस्या व पावरलूम-हातमाग धारकों की समस्याओं के बारे में वस्त्रोद्योग मंत्री शेख ने मुंबई में सह्याद्री अतिथि गृह में बैठक आयोजित की थी। उसमें उन्होंने अलग-अलग प्रतिनिधियों से बात करके जानकारी प्राप्त की। विधायक श्री प्रकाश आवाड़े ने पावरलूम उद्योग के लिए जरुरी बातें कही। गए चार-पांच सालों से यह उद्योग समस्या का सामना कर रहा है, उसको शासन की ओर से समर्थन देने की जरूरत है।

पावरलूम उद्यमियों के कर्ज के ब्याज दर में 5 फीसदी ब्याज दर सहुलियत की अधिसूचना निकाली है, लेकिन उसमें कई नियमों के कारण अमल करने में समस्या आती है। गए तीन साल से कई नामांकन प्रलंबित हैं, जिसमें नियमों को हटा कर पावरलूम धारकों को पांच फीसदी ब्याज अनुदान जल्द से देने की मांग उन्होंने की। सूत दर में हमेशा हो रही बढ़ोतरी और सट्टे बाजार के कारण पावरलूम उद्योग समस्या में है। सूत के वजन और काउंट में फर्क, खरीदी किए सूत का बिल के बजाए दूसरे काउंट का बिल देना, लेट पेमेंट पर ज्यादा ब्याज जैसे गैर प्रकार टालने के लिए शासन ने सूत व्यापारियों के लिए अलग से सूचि तैयार करने की मांग विधायक आवाडे ने की। मंत्री श्री शेख ने कहा की आने वाले मार्च के आखिर तक 5 फीसदी ब्याज अनुदान के लिए सभी नामांकनों की निर्गत कर उसका लाभ दिया जाएगा। साथ में बिजली बिल सहूलियत के साथ-साथ बाकी समस्याओं को लेकर शासन सकारात्मक है और उस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। सूत दर का सट्टा बाजार और दर के बारे में वजन माप निरीक्षक के साथ संबंधित अधिकारियों को सूचना दी जाएगी और उसके बारे में शिकायत आ गई तो उस व्यापारी पर जल्द कारवाई करने के आदेश दिए जाएंगे, यह भी श्री शेख ने स्पष्ट किया। बैठक में वस्त्रोद्योग राज्यमंत्री राजेंद्र पाटील-यड्रावकर, इचलकरंजी पॉवरलूम असोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कोष्टी, संचालक रफिक खानापुरे, नारायण दुरुगडे, राज्य वस्त्रोद्योग महासंघ के अध्यक्ष अशोक स्वामी एवं विधायक श्री प्रकाश आदी उपस्थित थे।

# एसजीएस द्वारा मसूरी में भव्य कॉन्फ्रेंस 27 फरवरी से 6 मार्च तक

## कोलकाता कॉन्फ्रेंस को मिला जबरदस्त प्रतिसाद

मुम्बई/ फैन्सी सूटिंग शर्टिंग एवं अपेरल ब्राण्ड एसजीएस द्वारा आगामी सीजन की जबरदस्त तैयारियाँ करते हुए मसूरी में अपनी भव्य कॉन्फ्रेंस 27 फरवरी से 6 मार्च को करने जा रही है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि वर्ष 2021 के आरम्भ से ही कम्पनी द्वारा अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस की शुरूआत करते हुए कोलकाता में भव्य कॉन्फ्रेंस 7 से 8 फरवरी 2021 को आयोजित की, जहां पश्चिम बंगाल के व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान कम्पनी द्वारा अपने सभी लेटेस्ट कलेक्शन का भव्य डिस्प्ले किया, जिसे देखकर व्यापारी गद्‌गद् हो गये। इस कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने आगामी सीजन के लिए काफी अच्छी बुकिंग भी कराई।

भरोसे की परम्परा
SGS®
SUITING•SHIRTING

**गोवा कॉन्फ्रेंस-** श्री राठी ने बताया कि कम्पनी द्वारा अब 19 फरवरी से 25 फरवरी को गोवा में अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रही है, जहां आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडू, कर्नाटका एवं महाराष्ट्र के व्यापारी भाग लेंगे।





### मसूरी कॉन्फ्रेंस

कम्पनी द्वारा आयोजित मेगा कॉन्फ्रेंस में मिली अपार सफलता एवं व्यापारियों के कॉन्फ्रेंस के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए मसूरी में भी अपनी कॉन्फ्रेंस 27 फरवरी से 6 मार्च को करने जा रही है, जहां पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, तथा राजस्थान के व्यापारी शिरकत करेंगे। इन सभी कॉन्फ्रेंसों में कोरोना की गाईडलाइन का पूरा ख्याल रखते हुए व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

### भव्य फैब्रिक डिस्प्ले

श्री राठी ने कहा कि कम्पनी द्वारा आगामी वैवाहिक सीजन तथा त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए काफी नये डवलपमेण्ट पेश किए गए हैं तथा और निरन्तर नये-नये कलेक्शन पेश करती जा रही है। जिनका गोवा तथा मसूरी कॉन्फ्रेंस में भव्य डिस्प्ले किया जाएगा, जिसमें आगामी सीजन हेतु लेटेस्ट डिजाइनों, फैन्सी सूटिंग जैकॉर्ड, टीआर फैब्रिक की विशाल रेंज प्रस्तुत होगी।












### बस और ट्रेनों का आवागमन चालू व्यापारियों में हर्ष

**सतना/ बलराम शुक्ला**

पिछले एक वर्ष से कोरोना संकट से जूझ रहे व्यापारियों को अब कुछ राहत महसूस हो रही है। प्रायः सभी व्यापारी परेशान थे, चाहे वह रेडीमेड का व्यापारी हो या कच्चे माल का व्यापारी, सभी के मन में एक ही यक्षय प्रश्न था कि आगे क्या होगा, लेकिन जब से परिवहन चालू हो गया है, सभी खुश हैं क्योंकि अब मार्केट में व्यापारी दिखने लगे हैं। हमने सतना के प्रतिष्ठित व्यापारी संजय भाई से बात की तो उन्होंने बताया कि अभी से हम समर के माल की तैयारी कर रहे हैं। वैसे भी गतवर्ष का जो गड्ढा है, उसे भरने में समय तो लगेगा लेकिन लोगों का उत्साह देखकर लग रहा है कि व्यापार अच्छा होगा। मार्केट तेज जरूर है किन्तु खरीदी में उत्साह है। सीजन चलने में थोड़ा समय है इसलिए हम लोग तैयारी में लगे हैं, क्योंकि भरपूर लगन होने से व्यापार भी भरपूर होगा।









# होलसेल वस्त्र व्यापार संघ बैरागढ़ (भोपाल)

## व्यापार के अलावा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय



अध्यक्ष
श्री कन्हैयालाल इसरानी









**बैरागढ़**

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक जुड़ा शहर बैरागढ़, जहां पर थोक वस्त्र व्यापार काफी मात्रा में होता है, यहां देश की सभी वस्त्र उत्पादक मण्डियों का कपड़ा विक्रय किया जाता है।

उक्त मण्डी में व्यापारियों के लिये नियमों एवं सुरक्षा की दृष्टि से सन् 1987 में श्री रमेश लाल आसवानी के नेतृत्व में थोक वस्त्र व्यवसाय संघ बैरागढ़ की स्थापना की गई थी एवं प्रथम संस्थापक अध्यक्ष श्री आसवानी की सेवाओं से संगठन की शुरूआत हुई थी। तब से यह संघ निरन्तर व्यापारियों की समस्या एवं व्यापार सन्दर्भ के लिये कार्य करता आ रहा है। वर्तमान में संगठन के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल इसरानी ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को जानकारी देते हुए बताया कि संगठन में 310 सदस्य जुड़े हुए हैं एवं पूरी कार्यकारिणी इसका संचालन कर रही है।

श्री इसरानी स्वयं राजा टेक्सटाइल नाम से होलसेल कारोबार के तहत सूटिंग-शर्टिंग एवं स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक की काफी सप्लाई करते हैं।

### सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संगठन समय समय पर दीपावली, होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन भी करवाता है, जिसमें सभी व्यापारी भाई साथ मिलकर त्यौंहार मनाते हैं। संगठन राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं गणतन्त्र दिवस इत्यादि कार्यक्रमों में भी अपना प्रतिनिधित्व करता है।**



श्री इसरानी ने बताया कि संगठन पूरी तरह व्यापारियों के सकारात्मक हितों के लिये प्रतिबद्ध है। इसके लिये व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया हुआ है, ताकि सूचना आदान-प्रदान हो सके। व्यापारियों के माल की बिक्री प्रदेश भर में होने से किसी भी प्रकार की लेनदेन या विवाद की स्थिति में वाद बैठकर निपटाए जाते हैं एवं डिफॉल्टर ग्राहक का नाम सूचीबद्ध किया जाता है, ताकि अन्य व्यापारी सतर्क रहें।

संगठन द्वारा लॉकडाउन के दौरान सूरत, मुम्बई, भिवण्डी इत्यादि शहरों से मजदूरों का पलायन हुआ तब बाईपास पर टेन्ट लगाकर खाना-पानी, ग्लूकोज एवं मेडिकल सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस दौरान हाईवे से लगभग 50,000 मजदूरों को सेवाएं दी गई, जिसमें संगठन के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान एक युवा व्यापारी श्री भरत भाई ने काफी मेहनत की। उन्होंने 70 दिन तक लगातार सेवाएं दी, जिसमें मजदूरों के अलावा पुलिस के जवानों के लिये गमछे, पानी एवं फ्रूटी इत्यादि की व्यवस्था भी शामिल थी। विदित है कि भारत क्लॉथ कॉर्नर नाम से सन् 1985 से संचालित यह फर्म होलसेल साड़ी, लहंगा इत्यादि सेल करते हैं। इनकी सहयोगी फर्म ओम श्री मैचिंग में अपनी विशिष्टता रखती है।

# कोलकाता टेक्सटाइल एजेंट एसोसिएशन - नव गठित कमेटी



**अध्यक्ष**
हरि शंकर झंवर
9830043956

**उपाध्यक्ष**
प्रभुदयाल भरतिया
9331037333

**मंत्री**
तिलोक चंद बांठिया
9339287571
9903410078

**सहमंत्री**
ललित कुमार सिंघी
9331007344

**कोषाध्यक्ष**
नारायण दास मोहता
9433084908

**कार्यकारिणी सदस्य**
मदन लाल जोशी
9831067110

दिनेश कुमार सेठ
9830820103

अजय कुमार भारती
9830149483

राज कुमार राठी
9831270867

अनिल कुमार पांडे
9331957297

हीरालाल अभानी
9831901259

शैलेश राय
9830322518

राजेश कोठारी
9331033586

ब्रह्मानंद बंग
9830078160

ताराचंद सी हेमनानी
9331013441

गणेश पटेल
9331036769



श्री हरिशंकर झंवर
अध्यक्ष- कोलकाता टेक्सटाइल एजेंट एसोसिएशन

**विशेष आमंत्रित**

सुशील कुमार नेठवेवाला
9830016222

सुंदरलाल जैन
9830113250

सनत जैन
9331004586

सुदर्शन दस्सानी
9831139878

आनंद झुनझुनवाला
9330493809

तिलोक चंद दफ्तरी
9831041973

अरविंद कुमार सिंह
9830334790

ललित त्रिवेदी
9830223064

# 168 वर्ष पुरानी होलसेल कपड़ा आपूर्ति में प्रसिद्ध फर्म पीपल वाला शॉप

Raymond Siyaram's Arvind FASHIONING POSSIBILITIES ADITYA BIRLA GROUP Reid & Taylor BOND WITH THE BEST MORARJEE

**जबलपुर**/ स्थानीय कपड़ा व्यवसाय में पुरानी फर्मों में शुमार पीपलवाला शॉप आज 168 वर्ष का निरन्तर सफर तय कर चुकी है। इस क्षेत्र में शुरूआत श्री मुन्नालाल -मोतीलाल नाम से श्री मुन्नालाल द्वारा की गई थी, तब से निरन्तर पीढ़ी दर पीढ़ी पुश्तैनी व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए बेहतर नाम स्थापित किया। वर्तमान में श्री शरद समैया एवं इनके पुत्र श्री स्वरणिम समैया अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से बेहतर व्यापार कर रहे हैं। इन्होंने अपने कारोबार के बारे में बताया कि हमारा प्रतिष्ठान A to Z कपड़ा बिक्री में समर्थ है, ग्राहक किसी भी प्रकार के वस्त्र खरीदी के लिये यहां आते हैं, तो प्रतिष्ठान इसे उपलब्ध कराने में सक्षम है।

सूटिंग-शर्टिंग की विभिन्न क्वालिटियों मखमल, सूट शेरवानी मेन्स एवं वुमेन्स वीयर में सभी फैब्रिक की उम्दा क्वालिटी सेल की जाती है। सूटिंग में सियाराम, ओसीएम, दिग्जाम, रेमण्ड, ट्रूवैल्यू, रीड एण्ड टेलर, सेन्चुरी एवं अरविन्द इत्यादि एवं शर्टिंग में सियाराम, अरविन्द, कृपलोन, रेमण्ड एवं सेन्चुरी की आपूर्ति की जाती है। श्री समैया के अनुसार कटपीस इत्यादि का चलन धीरे धीरे कम होता जा रहा है। लिनन एवं कॉटन में डिमाण्ड बढ़ी है। भीलवाड़ा की फैब्रिक भी अब कुछ यूनिटें मिल स्तर पर बनाने लगी है, अतः उपभोक्ता उसमें रुचि लेता है। भीलवाड़ा में बीडी सूटिंग, अहिंसा एवं विमल, परफेक्ट इत्यादि तथा साड़ी सूरत, जयपुर, बनारस, बंगलुरू एवं अहमदाबाद इत्यादि में सेल की जा रही है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रेमण्ड छिंदवाड़ा की शुरूआत चैयरमेन श्री विजयपत सिंघानिया को आग्रह करने में पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री कमलनाथ जब दूसरी बार सांसद रहे तब सोसर (छिंदवाड़ा) में मिल शुरू की गई, जिसमें इण्डस्ट्री के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। फलस्वरूप आज छिंदवाड़ा काफी उन्नति कर चुका है।




# अबूझ मुहूर्त से बाजार की रौनक बढ़ी

**उदयपुर / नवीन कोठारी...** किसी भी शुभ कार्य को करने से पूर्व अच्छा मुहूर्त देखने की भारतीय परंपरा है। माना जाता है कि अच्छे मुहूर्त में किया गया कार्य सफल होता है एवं कार्य में कोई बाधा या रुकावट नहीं आती। इसी क्रम में बसंत पंचमी एक ऐसा दिन है जब कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं रहती। इसी वजह से इस वर्ष की भी बसंत पंचमी को कई मांगलिक कार्य संपन्न होने जा रहे हैं। स्थानीय वस्त्र बाजार में इस वजह से रौनक भी बढ़ गई है। मलमास के पश्चात् यह पहला मौका है, जब वस्त्र बाजार में रेलमपेल देखने को मिल रही है। कई दिनों से सुस्त बैठे व्यापारी बन्धु भी सक्रिय हो गए है। बाजार में ग्राहकी होने से अधिकांश व्यापारी दिन भर व्यस्त रहने लगे हैं। सर्दी ने अब अपना असर कम कर दिया है। सुबह और रात्रि को ही गर्म वस्त्रों को पहनने की जरूरत पड़ती हैं, दिनभर अच्छी धूप से मौसम में गर्मी का एहसास होने लगा है, इसी कारण ऊनी वस्त्र बाजार की अब समेटे जाने की तैयारी चल रही है। इस बार शहर में कई जगह पर ऊनी बाजार लगने के कारण ग्राहक बँट गए और कोरोना की गाइडलाइनों की पालना के कारण भी इन बाजारों में इतना उत्साह नहीं देखा गया। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में कॉटन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी, क्योंकि वातावरण में बदलाव को देखते हुए अब ऊनी वस्त्रों को कोई नहीं पूछ रहा है। अभी शहर में बसंत पंचमी के सावों के पश्चात् अप्रैल माह में कई शादियों की तारीखें भी है। बाजार में आने वाले दिनों में अच्छी ग्राहकी देखे जाने के आसार हैं।

PARTICIPATE IN
INDIA'S ONLY
TRADE FAIR ON
HOME TEXTILE
INDUSTRY



10th Edition
HOMETEX TECH EXPO

Date: 19th to 21st March 2021, Venue: Anaj Mandi, PANIPAT

ORGANISER
ESSENTIAL
Never lose, either win or learn!!
ESSENTIAL EVENTS & TRADE FAIRS
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
K/801, Casa Lakeside,Palava City, Dombivali (East), Mumbai- 421204, Maharashtra, India

CONTACTS
RAJESH SINHA : 93240 77881
MANOJ ARYA : 9718514089
BINA PANCHAL: 93070 38629
mkt.essential@gmail.com
salesessential3@gmail.com

www.essentialtradefair.com



MIEASTA®
EXCLUSIVE ETHNIC JACQUARD FABRICS
WAIST COAT | JACKET | BLAZERS | SUITS | JODHPURI | INDO WESTERN | SHERWANI

for trade enquiries
Mr. A.K. Nuwal +91 78910 06754 / Mr A.K. Sharma +91 78910 06756 / Mr. Ritesh Mantri +91 78910 06761

Marketing office: Unit No. 214, 2nd floor, Cosmos Platinum, Jalan wadi Gokhale Road
Dadar west Mumbai 400 028 / Email: sales@mieasta.com / www.mieasta.com

## सम्पादकीय....

# निजी क्षेत्र के सहयोग के बगैर देश की अपेक्षित प्रगति संभव नहीं

**नीति** आयोग की संचालन परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर इस पर जोर दिया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में निजी क्षेत्र को भी भाग लेने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। यह इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि उन्होंने यह बात मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में कही। केंद्र सरकार की तरह राज्य सरकारों के लिए यह समझना बहुत आवश्यक है कि निजी क्षेत्र के सहयोग के बगैर देश अपेक्षित प्रगति नहीं कर सकता। विभिन्न देश तभी तरक्की कर पाए हैं, जब उन्होंने निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया। भारत सरीखे देश के लिए तो ऐसा करना और भी आवश्यक है, क्योंकि एक बड़ी आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है। इसमें रोजगार की भी आकांक्षा है और बेहतर जीवन शैली की भी। आज के युग में यह संभव नहीं कि सरकार सब कुछ करे। जिन भी देशों ने इस अवधारणा को आत्मसात किया कि सब कुछ सरकार को करना चाहिए, उनका बंटाधार ही हुआ। निजी क्षेत्र के सहयोग के बगैर देश को विनिर्माण का गढ़ बनाने की कोशिश कामयाब होने वाली नहीं है। सरकारों का काम उद्योग-धंधे चलाना नहीं, बल्कि वे बेहतर तरीके से कैसे चलें, इसके लिए समुचित नियम-कानून बनाना और उनका सही तरह से पालन सुनिश्चित कराना है।

जैसे सरकारों के लिए यह आवश्यक है कि वे निजी क्षेत्र को पर्याप्त प्रोत्साहन दें, उसी तरह इस क्षेत्र के लोगों के लिए भी यह जरूरी है कि वे आगे आएं और चुनौतियों का सामना करने के साथ उस अवसर का लाभ उठाएं, जो उनके सामने है। वे प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हों तो विश्व की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। ध्यान रहे, आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ विश्व की जरूरतों को पूरा करना भी है। हैरानी इस पर है कि आर्थिक प्रगति में निजी क्षेत्र की महत्ता से भली तरह अवगत होने के बाद भी कुछ राजनेता न केवल अप्रासंगिक हो चुकी समाजवादी सोच से चिपके हुए हैं, बल्कि निजी क्षेत्र के उद्यमियों को खलनायक की तरह पेश करने का भी काम कर रहे हैं। राहुल गांधी और कुछ अन्य कांग्रेसी नेता ठीक यही करने में लगे हुए हैं। यह वही राहुल हैं जो कुछ समय पहले जहां भी जाते थे, वहीं लोगों को मेड इन इंडिया का सपना दिखाया करते थे, लेकिन आज संकीर्ण स्वार्थों के फेर में उद्यमियों को बदनाम करने का अभियान छेड़े हुए हैं। यह केवल सस्ती राजनीति ही नहीं, उद्यमशीलता पर भी की जाने वाली चोट है। यदि देश को आगे ले जाना है तो केंद्र और राज्य सरकारों को निजी क्षेत्र विरोधी इस क्षुद्र राजनीति के खिलाफ डटकर खड़ा होना होगा।

# अस्थिर सूत दर के चलते इचलकरंजी के पावरलूमधारक चिंता में

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

अस्थिर सूत दर के चलते पावरलूम धारक चिन्तित हैं। सूत दर में बढ़ोतरी होने के बाद कपड़े की दर में बढ़ोतरी होती है, यह अनुभव पावरलूमधारक मालिकों को है लेकिन सूत दर में बढ़ोतरी होने के बाद भी कपड़े के दर जैसे थे वैसे ही होने से पावरलूमधारकों की चिंता बढ़ रही है। इसके चलते सूत दर कब स्थिर रहेंगे, पावरलूमधारक इस चिंता में हैं। अब पावरलूमधारकों के सामने कई समस्याएं हैं। शासन स्तरपर उदासीनता है। राज्य के अलग अलग पावरलूम केंद्रों पर बड़ी अस्वस्थता है। कुछ केंद्रों में पावरलूम बंद रखने का समय उद्यमियों पर आया है। लॉकडाउन के बाद धीरे धीरे पावरलूम उद्योग स्थिर होते समय सूत दरवाढ़ के कारण इस उद्योग का आर्थिक स्तर बिगड़ गया है। पावरलूमधारकों को नुकसान झेलकर कपड़ा उत्पादन करना पड़ रहा है। दिवाली के बाद लगातार डेढ़ माह तक सूत दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। माह भर पहले फिर से यकायक सूत के दर में गिरावट आती रही। उसके बाद फिर से सूत दर में बढ़ोतरी हो रही है। सूत दर की यह अस्थिरता पावरलूमधारकों के समस्या बन चुकी है। आम तौर पर सूत दर में बढ़ोतरी होती है तो कपड़े की दर बढ़ने के साथ मांग भी बढ़ती है। सूत दर में गिरावट हुई तो कपड़े के दर भी कम होते हैं। अब सूत दर में बढ़ोतरी होने के बाद कपड़े को दर मिलेगी, ऐसी अपेक्षा थी लेकिन कपड़े की अपेक्षित दर और मांग नही होने से पावरलूम उद्यमियों में अस्थिरता है। सूत दर की अस्थिरता के कारण पावरलूम उद्योग भी अस्थिर होने के मार्ग पर है।

**सभी स्तर पर उदासीनता-** सूत दर को लेकर पावरलूम धारकों के सामने समस्या खड़ी होती रहती है, लेकिन इस बार की घोर यंत्रणा के सामने वे हतबल होते दिखाई दे रहे हैं। इचलकरंजी शहर में सूत दर अस्थिर करने वाली यंत्रणा है। उसके विरोध में कोई भी पावरलूमधारक नहीं जाता है और प्रशासन के स्तर पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है, जिसके कारण अस्थिर सूत दर को लेकर पावरलूमधारकों की समस्या ज्यों की त्यों है।

# A to Z फैब्रिक एवं रेडीमेड क्षेत्र में प्रतिष्ठित होलसेल प्रतिष्ठान अरूणा सन्स





come home to Siyaram's | MURARKA SUITING • SHIRTING

**सागर/ सन् 1977 में श्री अरूण जैन ने साड़ी विक्रय से कपड़ा व्यापार की शुरूआत की और निरन्तर अपने कार्यकौशल एवं मेहनत से बेहतर डवलपमेण्ट किए। व्यापार में विस्तार के अन्तर्गत श्री जैन ने अपने युवा पुत्रों को कार्यभार सौंपते हुए अलग-अलग जिम्मेदारी प्रदान की, जो इन्हीं के सानिध्य में सूटिंग-शर्टिंग सेक्टर में स्वयं श्री अरुण जैन देख रहे हैं। साड़ी सेगमेण्ट में श्री अनूप जैन एवं रेडीमेड क्षेत्र में श्री अंशुज जैन संचालन कर रहे हैं।**

**सूटिंग में....** सियाराम, मुरारका एवं कंचन इण्डिया की एवं शर्टिंग में श्री राम एवं दामोदर की शामिल है। रेडीमेड परिधानों में श्री अनूप जैन काफी अनुभव हासिल कर चुके हैं और मुम्बई, दिल्ली, उल्लासनगर, अहमदाबाद, तिरूपुर इत्यादि के उत्पाद की सप्लाई कर रहे हैं। साथ ही साड़ी में सूरत एवं मथुरा को आपूर्ति कर रहे हैं। इसके अलावा ईरोड़ के टॉवेल एवं पाली निर्मित उत्पाद की भी काफी वैरायटियां सेल कर रहे हैं। श्री जैन ने शून्य से शुरूआत की थी, जो निरन्तर अपनी मेहनत एवं संघर्ष से आज एक ही छत के नीचे A to Z उत्पाद अपने व्यापार में शामिल कर चुके हैं।

# विजय क्लॉथ स्टोर



Raymond | DIGJAM | Reid & Taylor | Siyaram's | Arvind FASHIONING POSSIBILITIES | MORARJEE | ADITYA BIRLA GROUP

**भोपाल**

शहर का प्रतिष्ठित रिटेल हाउस विजय क्लॉथ स्टोर सन् 1967 से निरन्तर उपभोक्ता को सूटिंग शर्टिंग की विभिन्न वैरायटियों आपूर्ति कर रहा है। व्यापार का शुभारम्भ स्व. श्री शीतलदास उमरवानी द्वारा किया गया था, तब से अब तक अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से फर्म ने उपभोक्ताओं में बेहतर प्रतिष्ठा बनाई है। इनके पुत्र श्री हिरालाल उमरवानी युवावस्था से ही स्कूल टाइम में भी समयानुसार पिताजी का सहयोग करते थे और इसी अनुभव से 1980 में शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात् इन्होंने पूर्ण रूप से प्रबन्ध कार्य देखना शुरू कर दिया। ये उपभोक्ताओं को समय-समय पर बाजार के ट्रेण्ड के अनुसार फैब्रिक उपलब्ध कराते आ रहे हैं। श्री उमरवानी ने बताया कि फर्म में रिटेल कार्य के अन्तर्गत सूटिंग-शर्टिंग की ब्राण्डेड कम्पनियों का कार्य किया जा रहा है, जिसमें सूटिंग रेंज क्षेत्र में रेमण्ड, दिग्जाम, रीड एण्ड टेलर, सियाराम एवं शर्टिंग सेगमेण्ट में अरविन्द, मोरारजी एवं आदित्य बिड़ला कम्पनियों का फैब्रिक शामिल है। यहां बाजार में मौसमी लिहाज से भी फैब्रिक की डिमाण्ड आती है, जैसे गर्मियों में लिनन की डिमाण्ड बढ़ जाती हैं तो कॉटन तो 12 महीने बिकता है। शर्टिंग में प्रिण्ट फैशन, छोटे प्रिण्ट, डाबी, स्ट्रक्चर एवं माइक्रो चैक्स में डिमाण्ड रहती है। इन्होंने बताया कि रेडीमेड सेक्टर से निःसंदेह प्रभाव तो आया है परन्तु हमारी फर्म समय के साथ अपडेट रही एवं उपभोक्ता को न्यू ट्रेण्ड के अनुसार फैब्रिक उपलब्ध कराती रही। रेडीमेड में भी कई क्रिएशन हैं जैसे अधिकतर प्रीमियम ब्राण्ड के परिधान क्वालिटी एवं उच्च दरों पर मिलते हैं, अतः उनके उपभोक्ताओं का एक वर्ग ही है। बाकी इसमें प्रत्येक दर पर माल उपलब्ध है, लेकिन प्रोपर मेन्टेन नहीं हो पाता, जैसे बाजार में रेडीमेड सूट 2500 में मिल जाता है, जबकि सिलवाने की दर ही 2500 है परन्तु अधिकतर ग्राहक ब्राण्डेड फैब्रिक खरीदकर ही सिलवाता है। इसी तरह विदेशों में कल्चर एवं ट्रेण्ड अलग ही है। वहां पर स्टिचिंग इतनी महंगी है कि केवल रईस लोग ही सिलवाकर पहनते हैं, बाकी रेडीमेड का ही चलन अधिक है।

# शंकर टेक्सटाइल

**भोपाल**

Sangam SUITINGS | PEE GEE FABRICS PEHNO GARV SE | ÀBSOLŪTO FINER SIDE OF FASHION | Ankur A Division of Arvind LTD.

स्थानीय वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित होलसेल सूटिंग शर्टिंग आपूर्ति करने वाली फर्म शंकर टेक्सटाइल इस क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल कर चुकी है। फर्म की स्थापना श्री नानकराम चन्दनानी द्वारा सन् 198 1 में की गई थी।

वर्तमान में इनके पुत्र श्री दिनेश चन्दनानी भी व्यापार का कार्यभार देख रहे हैं, जिन्होंने बताया कि हमारा व्यापार सूटिंग-शर्टिंग में ब्राण्डेड घरों से हो रहा है, जिसमें संगम, एब्सोल्यूटो, पीजी एवं अंकुर के साथ और अन्य कम्पनियां शामिल हैं। व्यापार का कार्य क्षेत्र यहां से 150 किमी के दायरे में हमारी बेहतर नेटवर्किंग है। व्यापार की स्थिति के बारे में बताया कि अनलॉक के बाद व्यापार अच्छा चला परंतु नवम्बर तक आते पुनः बैठ गया और अब मार्च तक ही चलने की उम्मीद है। कोरोना काल के बाद पेमेण्ट पोजिशन काफी टाईट हो गई एवं कई पार्टियों ने तो व्यापार ही बंद कर दिया, जिससे पेमेण्ट नहीं आया, परन्तु एक बात यह रही कि शहरी क्षेत्रों को तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में इस दौरान सेल अच्छी रही।

## श्रद्धांजलि



**स्व. श्रीमती मंगलाबेन मेहता**

(स्वर्गवास- 01-02-2021)

स्व. श्री मगनलाल मेहता (पति)

स्व.श्री भरत भाई, श्री हरेश भाई, श्री कमलेश भाई मेहता (सुपुत्र)

**यश कॉटन कॉरपोरेशन (ग्रुप केएफपीएल) मुम्बई**

श्रद्धानवत

**योगेन्द्र शर्मा (संपादक)**

एवं समस्त

टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार भीलवाड़ा

## यार्न रेट्स Yarn Rate+GST

20 फरवरी, 2021

### G.I.S. COTTON MILLS LTD.

PH.329333, 93525-70138

| | |
|---|---|
| 32 PC | NA |
| 2/30 PC TFO | NA |
| 2/40 PC Dimond | NA |
| 2/40 PC White Gold | NA |
| 2/30 Black Poly | NA |
| 1/18 Black Poly | NA |

### SUCHITA MARKETING PVT. LTD.

PH. 93525-36382, 94141-44161

| | |
|---|---|
| 2/30 Poly Grey | 170 + GST |
| 30 Poly Grey | 155 + GST |
| 2/30 Black | 185 + GST |
| 320 Text DMS | 109 + GST |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 215 |
| 2/40 Dyed | 253 |
| 2/50 Dyed | 305 |

### RELIANCE CHEMOTEX LTD.

PH. 247711, 98290-45352

| | |
|---|---|
| 2/30 Solid | 210 |
| 2/40 Solid TFO | 250 |
| 25 Syro | ----- |
| 2/30 Frosted | 209 |
| 2/30 Black | 202 |
| 2/40 Black | 235 |

### ANAND SPINNERS

PH. 260780, 9829046961

| | |
|---|---|
| 2/32 Pvt HD Solid | NA |
| 2/32 Pvt HD Frosted | NA |
| 2/32 Pvt HD Grindle | NA |
| 2/40 Pvt HD Solid | NA |
| 2/40 Pvt HD Frosted | NA |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 172+GST |
| 2/30 PV | 200+GST |
| 2/20 PV 65/35 | NA |
| 15S PV | 160+GST |
| 2/24 PV | 190+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 165+GST |
| 2/20 Polyester TFO | NA |

### ARHAM SPINNING MILLS

NAHAR GROUP

PH. 230720, 9414114056

| | |
|---|---|
| 2/40 PC Combed TFO | 250 |
| 2/40 P/C Elitwist | 230 |
| 2/40 Cotton Elitwist | 235 |
| 2/30 Cotton Corded TFO | 205 |
| 2/36 Cotton Elitwist | ----- |
| 2/36 P/C | ----- |
| Cotton Lycra 1/14 | ----- |
| Cotton Lycra 1/16 | 215 |
| Cotton Lycra 1/12 | 205 |
| 2/30 PV Local TFO | 196 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900, 96604-14405

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 150 |
| 2/30 65/35 Black | 215 |
| 2/30 65/35 Gray | 190 |
| 2/40 65/35 Black | 250 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 230 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141413144

| JAGDAMBA SPINNING MILLS | | SIVANTA SPG. | |
|---|---|---|---|
| 2/30 PV GREY | 202 | 2/40 PV GREY | 235 |
| 2/24 PV GREY | 194 | 2/30 PV GREY | 198 |
| 2/20 PV GREY | 186 | 1/40 PV GREY | 158 |
| 2/18 PV GREY | 178 | 2/30 POLY GREY | 170 |
| 2/15 PV GREY | 170 | 1/15 POLY GREY | 138 |
| 1/20 PV GREY | 165 | **ANKUR UDYOG** | |
| 1/15 PV GREY | 158 | 2/30 PV GREY | 198 |
| 1/10 PV GREY | 156 | 1/15 PV GREY | 158 |
| 2/30 POLY GREY | 170 | 2/30 POLY GREY | 170 |
| 2/24 POLY GREY | 164 | 1/15 POLY GREY | 138 |
| 2/20 POLY GREY | 158 | **K.K. SPINTEX PVT. LTD.** | |
| 2/15 POLY GREY | 150 | 2/60 PV GREY | 320 |
| 1/15 PLOY GREY | 140 | 2/50 PV GREY | 280 |
| 1/10 POLY GREY | 136 | 2/40 PV GREY | 240 |
| 1/8 POLY GREY | 136 | | |

(Rs. 6/- Extra for R.T. Yarn)

### BANSWARA SYNTEX LTD.

PH. 247656, 94141-11656

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1/20 SILKY | 219 | 2/40 PVT TBL Frosted Thrill | 207 |
| 1/20 DYED LYCRA | 315 | 2/40 PVT Fancy Thrill | 219 |
| 1/20 DYED 65/35 HT | 215 | 2/40 PVT Fancy Thrill 45/24 | 232 |
| 1/30 Dyeds Fancy | 251 | 2/50 Dyeds Non TBL | 320 |
| 2/30 Dyeds NTBL Frosted | 225 | **Grey** | |
| 2/30 Airjet DYED 65/35 | 225 | 2/40 AIRJET DYED | 249 |
| 2/28 Dyed Lycra | 310 | 2/38 LYCRA DYED | 335 |
| 2/40 Dyeds Non TBLMelange | 263 | 2/48 LYCRA DYED | 353 |

### Shri Raj. Texchem Ltd. Shri Raj. Syntex Rajasthan Polycot

PH. 74278-96688

| | |
|---|---|
| 1/15 PV Gray | 155 |
| 2/15 Grey TFO | 170 |
| 2/30 PV Grey | 194 |
| 2/30 Poly | 165 |
| 2/18 PV Grey | 175 |
| 2/24 Poly Grey | 186 |

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 233 |
| 2/18 Dyed | 206 |
| 2/40 Dyed | 273 |
| 2/50 Dyed | 323 |
| 2/30 Frosted | 221 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 Polyster | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | ----- |

### R.T.M

PH. 24766, 93140-32404

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 240 | 24s Cotton Comded | ----- |
| 2/40 Dyed | 268 | **Birla Tex Mills** | |
| 2/30 Frosted | 228 | 2/30 Cotton Carded | ----- |
| 2/30 Cotton Carded | ----- | 30s Cotton Compact | ----- |
| 30s Cotton Comded | ----- | 30s Cotton Com bed Weaving | ----- |
| 30s Cotton Comded Weaving | ----- | 2/30 Cotton | ----- |
| 30s Cotton Semi Combed | ----- | 2/18 Dyed | 192 |

### Courtesy By Suresh Saraf, Mumbai

M 9322504449

| | |
|---|---|
| 150/0/ Grey Roto | 099 |
| 150/350 Grey | 112 |
| 150/108/350 | 114 |
| 80/72 Fulldull | 98 |
| 480 Roto | 091 |
| 640 Roto | 092 |
| 150 Black DPD | 097 |
| **SIYARAM SILK MILLS** | |
| Space Dyes Yarn | 160 |
| 150/350 Dyed | 160 |

### Kishangarh Yarn Bazar

PH. 98297-21313

JAGDISHKOTHIWAL CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 595 |
| 16 Vardhaman ND | ----- |
| 20 Patiyala Silver | 835 |
| 20s Puja viscous | 650 |
| 16s cottspin | 590 |
| 20s Mahadev | 830 |
| 23 JS Viscous | 700 |
| 20 VISCOUS | 645 |
| 20 PREMIER. | 810 |
| 20 Gc Thread Warp | 835 |
| 20 JS | 645 |
| 23 Solan | 700 |
| 23 G.C. Nala Gragh | 865 |

GST Paid

### NKCM GROUP

Mob: 093611-98787

| Quality | RATE |
|---|---|
| 30's VSf | 215 |
| 40's VSf | 240 |
| 2/40' s VSf | 260 |
| 30 SLUB | 225 |
| 30's HT | ---- |
| 13' Cotton flax | ---- |
| 20 Cotton flax | ---- |

### SIDDHESHWAR TEXTILES

PH. 94141-12223, 94130-57855

Polyester Silkon Yarn

| Quality | RATE |
|---|---|
| 150/2-310 Dyed | 170.00 |
| 100/2-210 Dyed | 190.00 |
| 150/2-310 White | 155.00 |
| 150/2-310 Colour | |
| Pulus Bright | 155.00 |
| 150/2-310 Catonic Bright | 165.00 |

VISCOSE RAYON YARN

| Quality | RATE |
|---|---|
| 180/2 Viscose Rayon | 385.0 |
| 150/2 Viscose Rayon | 435.0 |
| 100/3 & 120/3 Viscose Rayon | 435.0 |

Other Yarn

| Quality | RATE |
|---|---|
| 2/30 Viscose | |
| 100% Grey | 220.00 |
| 2/40 Acrylic | |
| 100% Grey | 335.00 |
| 2/30 Acrylic | |
| 100% Golden | 365.00 |
| 2/30 Acrylic | |
| 100% Golden Pear | 415.00 |
| 400 Dn. Metallic Yarn | |
| Gold/ Silver | 350.00 |
| 225 Dn. Metallic Yarn | |
| Gold/ Silve | 450.00 |
| 150/350 SD | |
| Grey Tex | 132.00 |
| 150/350 SD | |
| Black Tex | ------- |
| 150/400 SD | |
| Black Tex | ------- |
| 200/96/300 SD | |
| Black Tex | ------- |
| 330 Dn Black | |
| Hores | ------- |
| 400 Dn Black | |
| Miracle | ------- |
| 400 Dn White Miracle | ------- |

### SUDHA TEXTILE AGENCY

PH. 94142-62143

150/2 Bright Dyed 165+Vat

180/2 Rayon Dyed 365+Vat

150/2 Bright White 130+Vat

### Raghav Group

M. 94141-11402, 93144-66747

Raghav Agency Trident Ltd.

| | |
|---|---|
| 1/10 OE | 145 |
| 1/14 OE | 160 |
| 1/16 OE | 165 |
| 1/20 OE | 182 |
| 30 KW | 215 |
| 30 CW | 242 |
| 2/40 CW ELLY | 240 |
| 30 CW COMPACT | 250 |
| 40 CW COMPACT | 270 |
| 60 CW COMPACT | 328 |
| 50 CW COMPACT | 229 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 144+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 139+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 133+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 180+GST |
| 2/18 P/V Black | 160+GST |
| 2/30 P/V Black | 190+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 145 |
| 7 OE | 146 |
| 8 OE | 149 |
| 9 OE | ----- |
| 10 OE | 152 |
| 10 Lycra | 220 |
| 16 Lycra | 230 |
| 10 Slub Lycra | 230 |
| 16 Slub Lycra | ----- |
| **SRM SPINNERS LIMITED** | |
| 2/30 P/V Black | ----- |
| 2/18 P/V Black | ----- |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 162 +GST |
| 2/30 Cone Dyed | 190 +GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 152 +GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 151 +GST |
| 150/400 Gray | 125 +GST |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **MAHABIR** | |
| 2/30 P/V | 220 |
| 2/40 P/V | 246 |
| 1/20 P/V | 188 |
| 1/15 P/V | 182 |
| **Janvi** | |
| 15 Psy | 148 |
| **ANKUR** | |
| 2/30 Psy | 184 |
| **TRIVENI** | |
| 2/30 Black | 190 |

Inclusive of 12 % GST

### DHANTEX (INDIA) TEXVENTURES, MUMBAI - 9322234277

| QUALITY | CONST. | WIDTH | WEAVE | RATE (Rs.) | SELVEDGE |
|---|---|---|---|---|---|
| 70CPT X 70CPT | 96X84 | 63" | PLAIN | 53.00 | JACQUARD |
| 70CPT X 70CPT | 124X86 | 63" | PLAIN | 58.00 | JACQUARD |
| 70CPT X 70CPT | 132X108 | 63" | PLAIN | 70.00 | JACQUARD |
| 70CPT X 70CPT | 165X104 | 63" | SATEEN | 73.00 | JACQUARD |
| 70CPT X 90CPT | 96X96 | 63" | PLAIN | 61.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 96X84 | 63" | PLAIN | 58.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 124X80 | 63" | PLAIN | 66.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 124X100 | 63" | PLAIN | 76.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 144X140 | 63" | PLAIN | 98.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 144X100 | 63" | PLAIN | 80.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 144X80 | 63" | PLAIN | 70.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 90CPT | 165X104 | 63" | SATEEN | 86.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 100CPT | 144X120 | 63" | PLAIN | 87.00 | JACQUARD |
| 90CPT X 100CPT | 132X112 | 63" | PLAIN | 80.00 | JACQUARD |
| 60 COTTON SLUB X 60 COTTTON SLUB | 92X80 | 63" | PLAIN | 64.00 | JACQUARD |
| 60 COTTON SLUB X 60 COTTTON SLUB | 92X88 | 63" | PLAIN | 68.00 | JACQUARD |

### VALSON INDUSTRIES LTD.

PH. 94141-12223, 94130-57855 (Exclusive of GST)

| Dyed Yarn | | | Grey Yarn | |
|---|---|---|---|---|
| Quality | LT/MD | DARK | Denier | Net Rate |
| 150/0 Weft Dyed | 217.00 | 207.50 | 80/300 Grey Yarn | 136.00 |
| 150/0 Rotto Dyed | 222.00 | 232.00 | 80 Royal Warp Rotto | 138.00 |
| 150/350 Cone Dyed | 233.00 | 243.00 | 80/72/2 Royal Warp Catonic | 162.00 |
| 85/0 Rotto Dyed | 231.00 | 241.00 | 80/72/2 FD Cotlook HIM | 164.00 |
| 85/300 Dyed | 231.00 | 241.00 | 80/2/72/300 FD Roto | 191.00 |
| 85 Royal Rotto Twist Dyed | 249.00 | 259.00 | 80 Roto White Yarn | 174.00 |
| 80/72 Rotto Cotluk Dyed | 256.00 | 266.00 | 150/325 Twisted Grey | 145.00 |
| 80/34/600 Dyed Yarn | 261.50 | 271.50 | 150/325 Dope Dyed Black | 150.00 |
| 150/350 Bright Dyed | 268.00 | 278.00 | 150/500 Dope Dyed Black | 149.00 |
| | | | 155/2/250 Twisted Grey | 153.00 |

Fancy Yarn-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 250 Galaxy | 274.00 | 2/45 Innova Dyed | 234.00 |
| 160 Tex Space Dyed Sober | 229.00 | 170/350 Bright Space Dyed | 215.00 |
| 160 Bright Space Dyed | 229.00 | 170/350 Sundram | 234.00 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| TEXTURISE | | | |
|---|---|---|---|
| | | 6 CONE | 60-90 |
| 150 Roto Grey | 110-120 | 8 CONE | 75-100 |
| 150 Roto Black | 115-120 | 10 CONE | 75-100 |
| 150 Roto Bright | 120-130 | 2/4 CONE | 60-82 |
| 150 Roto Dyed | 120-130 | 2/6 CONE | 75-110 |
| 150/250 Roto Grey | 125 | 2/8 CONE | 84-120 |
| 150/250 Roto Dyed | 149-160 | 2/10 CONE | 85-130 |
| 150 Fdy | 105 | 2/20 CONE | 145-185 |
| **P.V. Yarn** | | 2/30 CONE | 225 |
| 2/30 Grey CL | 170 | 2/40 CONE | 255 |
| 2/40 POLY | 180 | **STAPLE YARN** | |
| 2/15 Poly CL | 125 | 10 CONE | 198 |
| 2/20 Poly CL | 133 | 15 CONE | 200 |
| 20 Poly | 119-134 | 20 CONE | 205 |
| **Cotton Yarn** | | 2/15 CONE | 208 |
| 4 CONE | 55-69 | 2/40 CONE | 259 |

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428 (M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2/80 PC Combed | 355+ GST |
| 30/62 Alpine | 220 + GST | 2/76 Polyster | 260+ GST |
| 2/60 PVT | 230 + GST | 2/60 P.V. | 265+ GST |
| 2/60 Polyster | 260 + GST | ------- | |




# बोनारो वस्त्र उत्सव-3.0 का आयोजन इस बार गोवा में




**मशहूर लेडीज फैशन ब्राण्ड्स करेंगे नए कलेक्शन का उम्दा प्रदर्शन**

**सूरत/ बोनारो वस्त्र उत्सव-1.0** जयपुर और **बोनारो वस्त्र उत्सव 2.0 इन्दौर** जैसी शानदार एग्जिबिशंस का सफल आयोजन कर चुकी इवेंट कंपनी श्री गोविंदम द्वारा इस बार **बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0** का आयोजन अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट स्टेशन गोवा में किया जा रहा है। साउथ गोवा स्थित मशहूर रेडिसन ब्लू रिसोर्ट में 1-2 मार्च को आयोजित होने वाली इस एग्जीबिशन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस बार की एग्जीबिशन कई मायनों में खास है। सर्वप्रथम कोरोना महामारी के बाद यह प्रथम एग्जिबिशन होगी जिसमें मशहूर लेडीज फैशन ब्रांड्स अपनी उत्पाद रेंज का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने वाले हैं। हमारी जानकारी के मुताबिक इस एग्जीबिशन में सिल्क सिटी सूरत, कोलकाता तथा देश की अन्य उत्पादक मंडियों के मशहूर साड़ी, सूट, डिजाइनर लहंगे सहित कई फैशन परिधानों के निर्माता भाग लेने वाले हैं। इस आयोजन की एक और खास बात है जिसने इस आयोजन को एक अनोखा स्वरूप प्रदान कर दिया है, वह है सूरत मंडी की एक से बढ़कर एक टेक्सटाइल एजेंसीज इस एग्जीबिशन की सफलता के लिए आयोजक इवेंट कंपनी श्री गोविंदम का जबरदस्त साथ दे रही है। एग्जीबिशन में भाग लेने वाली निर्माता कंपनीज भी काफी उत्साहित है। आगामी वैवाहिक सीजन से पूर्व होने जा रही इस एग्जीबिशन में सभी प्रतिभागी कंपनीज अपने अपने स्तर पर लेटेस्ट डिजाइनर साड़ी, लहंगे एवं अन्य वेडिंग-पार्टी वियर परिधानों का आकर्षक प्रदर्शन करने जा रही है।

श्री गोविंदम के डायरेक्टर श्री भरत हरियाणी **बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0** को खास एवं यूनिक फैशन डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ चुके हैं। सूरत जैसी विशाल टेक्सटाइल मंडी के मशहूर फैशन ब्राण्ड्स को बार बार एक मंच पर लाना कम बात नहीं है। यह इस बात का प्रमाण है कि इनके द्वारा पूर्व में आयोजित सभी एग्जीबिशन शानदार एवं सुपर हिट रही। श्री भरत हरियाणी ने चर्चा के दौरान बताया कि व्यापारियों के लिए आगामी वेडिंग सीजन की अच्छी तैयारी के लिए इस एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। जहाँ एक तरफ सूरत मंडी सहित अन्य उत्पादक मंडियों की नामचीन टेक्सटाइल निर्माता कंपनीज अपने उत्पादों का डिस्प्ले करेगी, वहीं देशभर से आने वाले मशहूर होलसेल व्यापारी **बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0** की शोभा बढ़ाएंगे।



श्री भरत हरियाणी

### प्रसिद्ध फैशन ब्रांड्स होंगे आकर्षण का केंद्र

बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 में सूरत, कोलकाता आदि उत्पादक मंडियों के जानेमाने सुप्रसिद्ध ब्राण्ड्स अपनी शानदार, आकर्षक एवं अद्वितीय प्रॉडक्ट रेंज का प्रदर्शन करने वाले हैं। देश भर के होलसेल व्यापारियों के लिए स्वर्णिम अवसर बनी इस एग्जीबिशन में कई नामी फैशन ब्राण्ड्स अपना जलवा बिखेरेंगे। फैंसी डिजाइनर साड़ीज, लहंगे एवं अन्य महिला फैशन परिधानों के नामचीन निर्माता बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 में अपनी तरफ से लेटेस्ट डिज़ाइनर रेंज का प्रदर्शन करेंगे। यह निश्चित तौर पर भारत के सभी होलसेल व्यापारियों के लिए अनुपम अवसर ही होगा क्योंकि आगामी वेडिंग सीजन के लिए व्यापारियों द्वारा खरीदी का यह सबसे उपयुक्त समय है। कोरोना महामारी से प्रभावित बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद बनकर आई बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 एग्जीबिशन द्वारा सप्लायर्स और व्यापारियों में नई ऊर्जा का संचार होगा। श्री भरत हरियाणी ने कहा कि हमारा मकसद निर्माताओं एवं व्यापारियों को ऐसा बिजनेस प्लेटफॉर्म देना है जहां पर सभी दिल खोल कर व्यापार करने के साथ साथ नए व्यापारिक सम्बन्ध बना सके।

### देश में अलग ही माहौल बना दिया बोनारो ने

कोरोना महामारी के बाद वस्त्र उद्योग एवं व्यापार जगत में एक नकारात्मक माहौल बन गया था जिसके प्रत्युत्तर में बोनारो वस्त्र उत्सव के आयोजन के निर्णय ने अलग ही माहौल क्रिएट कर दिया है। जहां निर्माता सोच रहे थे कि आगे की क्या प्लानिंग करें और व्यापारी सोच रहे थे कि क्या खरीदें और क्या नहीं, इन सब सवालों का जवाब बन कर आया है 'बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0' सूरत मंडी के टेक्सटाइल निर्माताओं, एजेंट्स एवं ट्रेडर्स में इस एग्जीबिशन की काफी चर्चा है क्योंकि इस एग्जीबिशन की सफलता से साल 2021 में टेक्सटाइल व्यवसाय में भविष्य की प्लानिंग तय हो गई है।

### बोनारो वस्त्र उत्सव - 4.0

श्री भरत हरियाणी ने बोनारो वस्त्र उत्सव-3.0 एक्जीबिशन को मूर्त रूप देते ही बोनारो वस्त्र उत्सव- 4.0 की भी घोषणा कर दी है। श्री हरियाणी ने 3.0 की की तैयारी मात्र एक माह में पूर्ण कर अदम्य साहस का परिचय दिया है। 4.0 का डेस्टीनेशन फिलहाल सीक्रेट रखा गया है।

## सूरत मण्डी की प्रतिष्ठित एजेंसी
# श्री प्रकाश टेक्सटाइल एजेंसी



श्री जीतू छाबड़िया एवं श्री महेश छाबड़िया

**सूरत/** फैशन की दुनिया कही जाने वाली सूरत टेक्सटाइल मण्डी का विशालकाय एवं वृहद स्वरूप कल्पना से भी परे है। यहां का व्यावसायिक वातावरण अद्भुत है, यहां के कई नामचीन ब्राण्ड्स विश्व विख्यात हैं और इन ब्राण्ड्स को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं यहां के प्रतिष्ठित एजेण्ट्स। सूरत मण्डी के एजेण्ट्स की बात करें तो सबसे अग्रिम पंक्ति में नाम उभरकर आता है श्री प्रकाश टेक्सटाइल एजेंसी का। इस एजेंसी का विशाल सेल्स नेटवर्क एवं मण्डी के बड़े-बड़े ब्राण्ड्स की मार्केटिंग ही इसकी कार्यक्षमता एवं पहचान को दर्शाते हैं। स्थानीय मण्डी में सन् 1994 में कपड़ा व्यवसाय में पदार्पण करने वाले पॉपुलर एजेंट श्री प्रकाश छाबड़िया द्वारा टेक्सटाइल एजेंसी की स्थापना की गयी थी। इनके व्यावसायिक कौशल, बुद्धिमता एवं कठिन परिश्रम की बदौलत आज इस एजेंसी का कारोबार वृहद आकार ले चुका है। श्री छाबड़िया के साथ व्यवसाय में संलग्न इनके युवा सुपुत्र श्री महेश छाबड़िया एवं श्री जितेन्द्र छाबड़िया एजेंसी के कारोबार को नित नई ऊंचाइयाँ प्रदान कर रहे हैं।



### श्री प्रकाश छाबड़िया

सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की प्रतिमूर्ति टेक्सटाइल एजेंट श्री प्रकाश छाबड़िया की उम्दा कार्यशैली का जिक्र यहां किया जाना जरूरी है। जिस तरह का एजेंसी व्यवसाय श्री छाबड़िया कर रहे हैं, उस तरह का व्यवसाय कम ही व्यवसायी कर पाते हैं। श्री छाबड़िया कहते हैं कि व्यापारी हमारा भगवान है, व्यापारी ने ही हमें बनाया है और व्यापारी ही हमारा परिवार है। हमारी पूरी टीम सत्यानिष्ठा एवं मेहनत से मण्डी में व्यापारियों के लिए नये-नये विकल्प की तलाश में रहती है। एक अच्छे सप्लायर को अच्छे व्यापारी से जोड़ना तथा सूरत में बनने वाले टॉप क्रिएटिव ब्राण्ड्स को देशभर में पहुँचाने के संकल्प तथा नित नई कार्ययोजना के साथ भारत के सभी लेडीज फैशन परिधान कारोबारियों के उन्नति की कामना करते हैं।

### टॉप सप्लायर्स एवं होलसेलर्स

श्री प्रकाश टेक्सटाइल एजेंसी द्वारा सूरत मण्डी के टॉप सप्लायर्स का काम किया जा रहा है, वहीं एजेंसी के पास पूरे भारतवर्ष में टॉप होलसेलर्स का विशाल नेटवर्क है। व्यापार में ईमानदारी प्रॉम्प्ट सर्विस एवं मधुर व्यवहार से सप्लायर एवं व्यापारी के दिल में जगह बना चुके श्री प्रकाश छाबड़िया अपने कर्मचारियों को भी अपना परिवार ही समझते हैं। उन्होंने कहा कि अंसतुष्ट ग्राहक हमारे सर्वोत्तम शिक्षक है।

### बोनारो टीम को शुभकामनाएँ




श्री महेश छाबड़िया एवं श्री जितेन्द्र छाबड़िया ने बोनारो वस्त्र उत्सव की आयोजक टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। बोनारो वस्त्र उत्सव आने वाले दिनों में प्रसिद्धि के शिखर पर होगा और सूरत मण्डी की ब्राण्डिंग में सहायक सिद्ध होगा।

## टेक्सटाइल व्यवसाय में विश्वसनीय नाम
# भावना एजेंसी

**सूरत/** स्थानीय मण्डी की नामचीन मार्केटिंग फर्म 'भावना एजेंसी' सूरत के टॉप सप्लायर्स की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसी हैं। इसका मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली एवं उत्तरप्रदेश आदि राज्यों में सशक्त सेल्स नेटवर्क स्थापित है। मशहूर कपड़ा व्यवसायी श्री लक्ष्मणदास खत्री की प्रेरणा से स्थापित भावना एजेंसी पिछले 25 वर्षों से सूरत मंडी के सप्लायर्स एवं होलसेलर व्यापारियों के मध्यस्थ के रूप में व्यवसायरत है। प्रतिष्ठित एजेण्ट श्री मनोज कुमार खत्री (मन्नू भाई) के कुशल नेतृत्व में संचालित 'भावना एजेंसी' ग्राहक संतुष्टि के साथ प्रोम्प्ट सर्विस का लक्ष्य रखते हुए व्यवसायरत है। श्री मनु भाई के युवा सुपुत्र श्री करण खत्री एवं कुणाल खत्री भी एजेंसी के कामकाज में अपनी अहम् भूमिका निभा रहे हैं।



श्री लक्ष्मणदास खत्री, श्री मनु भाई, श्री कुणाल खत्री

**निर्माताओं व व्यापारियों के लिए सुनहरा मौका...** ''बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 गोवा, कोरोना महामारी के बाद होने जा रही प्रथम एग्जीबिशन है, जिसमें सूरत के निर्माता अपनी लेटेस्ट उत्पाद रेंज का डिस्प्ले करेंगे। देशभर के व्यापारी इस ऐतिहासिक आयोजन में शिरकत करने वाले हैं'' यह विचार व्यक्त करते हुए श्री मनुभाई ने कहा कि आगामी वेडिंग सीजन की बेहतर तैयारी के लिए बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 एक सुनहरा मौका है। सूरत के प्रतिष्ठित ब्रांड इस एग्जीबिशन में अपने नए कलेक्शन प्रस्तुत करने जा रहे हैं, इसलिए हम सबको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**टॉप होलसेलर का सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क...** एजेंसी के पास टॉप निर्माताओं की विशाल प्रॉडक्ट रेंज की सप्लाई के लिए देश के टॉप होलसेलर्स का सशक्त सेल्स नेटवर्क स्थापित है। फैंसी डिजाइनर साड़ीज, लहंगे के टॉप ब्राण्ड्स की अनलिमिटेड रेंज भावना एजेंसी द्वारा रीजनेबल रेट्स में उपलब्ध करवाई जा रही है।

## सबसे बेहतर करना ही एकमात्र लक्ष्य -श्री मदन गोपाल मूलचंदानी

**सूरत/** टेक्सटाइल सिटी सूरत की जानी मानी मार्केटिंग फर्म 'बाबा टेक्सटाइल्स' टेक्सटाइल व्यवसाय में भरोसे एवं विश्वास का प्रतीक मानी जाती है। एजेंट श्री मदन गोपाल मूलचंदानी द्वारा सन् 1972 में स्थापित यह मार्केटिंग फर्म पारदर्शिता पूर्ण व्यापार के लिए जानी जाती है। श्री मूलचंदानी के युवा सुपुत्र श्री विजय मूलचंदानी इस समय एजेंसी के कामकाज में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी से व्यापार करने वाले इस परिवार द्वारा सूरत के टॉप सप्लायर्स के मालों की मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के टॉप होलसेलर्स को फैंसी साड़ीज, लहंगा, कुर्तीज आदि महिला परिधानों की आपूर्ति कराई जा रही है। श्री मदन गोपाल मूलचंदानी ने कहा कि सबसे बेहतर करना हमारी एजेंसी का शुरू से ही लक्ष्य रहा है, वहीं ग्राहकों को बेहतर प्रॉडक्ट सही समय पर पहुंचाना हमारी कार्यशैली का हिस्सा रहा है। सहज रहकर व्यापार करना, ग्राहकों को डेली सर्विस देना, सूरत मंडी में आने वाले व्यापारियों को बेस्ट प्रॉडक्ट रीजनेबल रेट्स में दिलवाना ही एजेंसी की कार्यनीति है।

**बोनारो वस्त्र उत्सव अब बनेगा वस्त्र महोत्सव-** श्री मूलचंदानी का कहना है कि बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 का गोवा संस्करण टेक्सटाइल उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र में होने वाली एग्जीबिशन के लिए मिसाल बनेगा। श्री गोविंदम द्वारा जयपुर एवं इंदौर के बाद गोवा में करवाये जा रहे बोनारो 3.0 के लिए हमारी तरफ से शुभकामनाएँ।

## साउथ इण्डिया में प्रॉडक्ट सप्लाई के लिए श्रेष्ठ विकल्प
# उषा टेक्सटाइल एजेंसी



श्री राजेश कुमार सिंह

**सूरत/** स्थानीय मण्डी स्थित उषा टेक्सटाइल एजेंसी साड़ीज एवं सूट्स ब्राण्ड्स की प्रमुख मार्केटिंग फर्म है। मशहूर एजेंट श्री राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में संचालित उषा टेक्सटाइल एजेंसी के पास साड़ी एवं सूट्स ब्राण्ड्स के लिए अपने मार्केटिंग क्षेत्र में टॉप लेवल होलसेल व्यापारियों का सशक्त सेल्स नेटवर्क भी है। एजेंसी व्यवसाय में निपुण श्री राजेश कुमार सिंह साउथ इण्डिया में उच्च स्तरीय पहचान रखते हैं। खासतौर से आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना में एजेंसी की अच्छी पकड़ है। व्यापार में ईमानदारी एवं पारदर्शिता को अहम् मानने वाले श्री सिंह सदैव अपने व्यापारियों के लिए श्रेष्ठ की तलाश में रहते हैं। सूरत मण्डी में उभरते ब्राण्ड्स के साथ साथ पॉपुलर ब्राण्ड्स के सम्पर्क में रहते हुए अपने होलसेल व्यापारियों को बेहतर प्रॉडक्ट रीजनेबल रेट्स में दिलाने के लिए बेहतर सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

**सेल्स प्रमोशन में जरूरी है एक्जीबिशन-** श्री राजेश कुमार सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि टेक्सटाइल सेक्टर में एक्जीबिशन का अहम रोल होता है। सेल्स प्रमोशन ब्राण्डिंग के लिए बोनारो वस्त्र उत्सव जैसे आयोजनों की आज के दौर में बहुत जरूरत है। निर्माताओं को भी इस तरह के आयोजनों में भाग लेना चाहिए, क्योंकि ऐसे अवसरों पर उन्हें एक ही छत के नीचे देशभर के व्यापारियों के समक्ष अपने उत्पादों के डिस्प्ले का मौका मिलता है, वहीं व्यापारियों को भी बहुत सारे ब्राण्ड्स में से अपने लिए श्रेष्ठतम ब्राण्ड चुनने का अवसर मिलता है एवं व्यापारिक सम्बंध बनते हैं। इससे व्यापार के भविष्य की नींव मजबूत होती है।

## ईमानदारी एवं पारदर्शिता पूर्ण कार्यशैली के लिए मशहूर
# त्रिशला एजेंसी

**सूरत/** सिल्क सिटी सूरत के टॉप एजेंट्स में शुमार मार्केटिंग फर्म त्रिशला एजेंसी स्थानीय मंडी से खरीददारी के लिए श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर चुनी जाती है ईमानदारी एवं पारदर्शिता पूर्ण कार्य शैली के लिए मशहूर इस एजेंसी की स्थापना आज से 22 वर्ष पूर्व श्री गौतम जैन एवं श्री भूपेंद्र जैन ने की थी। इन्हीं के सार्थक प्रयासों एवं अच्छी सर्विस की बदौलत यह एजेंसी दिसावर में भी अच्छी पहचान रखती है। श्री भूपेंद्र जैन के अनुसार टॉप सप्लायर्स एवं टॉप बायर्स से काम करना एजेंसी का शुरू से ही ध्येय रहा है। श्री जैन ने कहा कि एजेंसी द्वारा फैंसी साड़ीज एवं डिजाइनर लहंगे के क्रिएटिव ब्रांड्स से काम किया जा रहा है। मंडी में अच्छे ब्रांड्स के नियमित डवलपमेंट से व्यापारियों को रूबरू कराने के लिए एजेंसी हमेशा व्यापारियों से लगातार संपर्क में रहती है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों में एजेंसी का सशक्त सेल्स नेटवर्क स्थापित है।

**बोनारो बनेगा सूरत के लिए ट्रेण्ड सेटर...** श्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि बोनारो के पूर्व इवेंट्स जयपुर व इन्दौर की शानदार सफलता गोवा इवेंट को अच्छी ऊँचाइयां प्रदान कर रही है, वहीं आगामी वेडिंग सीजन के चलते बोनारो वस्त्र उत्सव-3.0 की सफलता पहले ही निश्चित हो चुकी है। हमारी तरफ से बोनारो की आयोजक टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

# सप्लायर एवं व्यापारियों की कसौटी पर खरी एम. आर. एजेंसी


श्री आशीष मल्होत्रा

**सूरत/** स्थानीय मण्डी के टॉप मोस्ट एजेण्ट्स की श्रेणी में अग्रिम पायदान पर स्थापित मार्केटिंग फर्म एम. आर. एजेंसी लम्बे समय से टेक्सटाइल व्यवसाय में कार्यरत है। एजेंसी के संचालक श्री आशीष मल्होत्रा ने अपने मधुर व्यवहार एवं शालीनता से मण्डी में अलग पहचान कायम की है। फैंसी साड़ी-सूट, लेडीज गारमेण्ट्स आदि प्रॉडक्ट्स में डील करने वाली इस एजेंसी के पास झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के टॉप होलसेलर्स का विस्तृत सेल्स नेटवर्क स्थापित है। अपने व्यापरियों को श्रेष्ठतम उत्पाद वाजिब दरों में उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्प श्री आशीष मल्होत्रा सदैव बाजार में नियमित रूप से निर्माताओं से सम्पर्क में रहते हैं, वहीं व्यापारियों से भी मण्डी में होने वाले न्यू क्रिएशन एवं डवलपमेण्ट की पूरी जानकारी साझा करते रहते हैं। ईमानदारी को सबसे बढ़िया सेल्स पोलिसी मानने वाले श्री मल्होत्रा क्वालिटी के साथ क्वांटिटी बेस सप्लाई को ज्यादा तरजीह देते हैं।

**बोनारो ब्राण्डिंग एवं प्रमोशन के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म-** श्री आशीष मल्होत्रा ने बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 गोवा को ब्राण्डिंग एवं प्रमोशन के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म बताते हुए कहा कि व्यापारियों को जहां एक ही छत के नीचे कई ब्राण्ड्स को परखने का मौका मिलता है, वहीं सप्लायर्स को भी इन आयोजनों से ब्राण्डिंग व प्रमोशन मिलता है। व्यापारियों व सप्लायर्स में नये संबंध भी बनते हैं, जो आगे जाकर व्यापार में परिवर्तित हो ही जाते हैं।

# अप्रैल - मई में बनेंगे ग्राहकी के नये रिकॉर्ड -श्री दिलीप खूबचंदानी


श्री दिलीप खूबचंदानी

**सूरत** मंडी के जाने-माने प्रतिष्ठित एजेंट श्री दिलीप खूबचंदानी ने कहा कि कोरोना महामारी का असर अब लगभग समाप्त हो चुका है। ग्राहकी भी सामान्य स्तर पर आ चुकी है। गत वर्ष लॉकडाउन के समय शादियों का जबरदस्त सीजन था, परंतु वह लॉकडाउन की भेंट चढ़ गया। ये सब शादियां वर्तमान सीजन में शिफ्ट हो जाने से अब अप्रैल-मई माह में जबरदस्त ग्राहकी के संयोग बन रहे हैं। मिलनसार व्यक्ति त्व एवं विलक्षण प्रतिभा के धनी श्री दिलीप खूबचंदानी की मार्केटिंग फर्म के. दिलीप कुमार एजेंसी सूरत मंडी के ब्रांडेड सप्लायर्स के उत्पादों की सप्लाई में कार्यरत है। मुख्यरूप से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, आदि राज्यों में एजेंसी का सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क स्थापित है। सन् 1998 से सूरत में अपने व्यवसाय की शुरुआत करने वाले श्री खूबचंदानी ने यहां परचेज ऑफिस की शुरुआत की थी, लेकिन मंडी के सप्लायर्स व व्यापारियों के भरोसे की बदौलत आज के. दिलीप कुमार एजेंसी फैंसी साड़ीज की सप्लाई में अग्रणी पायदान पर है। श्री खूबचंदानी के अनुसार एजेंसी व्यवसाय के संचालन में प्रॉडक्ट की क्वालिटी, रीजनेबल प्राइस एवं सभी व्यापारियों के लिए एक समान पॉलिसी से काम करना बहुत ही जरूरी पहलू होते हैं। इसी मूल मंत्र पर हमने अपनी एजेंसी के सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। स्थानीय मंडी के टॉप ब्रांण्ड्स को टॉप होलसेलर्स तक पहुंचाने के लिए इनकी एजेंसी समर्पित भाव से लगी हुई है।

**समग्र विकास के लिए जरूरी है एग्जीबिशन...** श्री दिलीप खूबचंदानी ने बताया कि किसी भी व्यवसाय की समृद्धि एवं समग्र विकास में एग्जीबिशन का अहम् योगदान होता है। टेक्सटाइल व्यवसाय में भी एग्जीबिशन होती रहती है। बोनारो सिरीज के सभी इवेंट्स हमने देखे हैं इनके काम करने का जज्बा एवं समर्पित सेवाभाव सप्लायर्स एवं व्यापारियों को बरबस आकर्षित करता है। आयोजक टीम को हमारी तरफ से अग्रिम शुभकामनाएँ।

# फैशनेबल परिधानों की मार्केटिंग में अग्रणी एजेंसी आर. सुनील कुमार

**सूरत /** स्थानीय मण्डी सहित दिशावर मण्डियों के टॉप सप्लायर एवं टॉप ट्रेडर्स से व्यवसायरत मशहूर एजेंसी फर्म आर. सुनील कुमार के मार्केटिंग का दायरा भी काफी विस्तृत है। एजेंसी के संचालक श्री सुनील कालरा मण्डी के प्रतिष्ठित एजेण्ट हैं। इन्हीं के कुशल नेतृत्व में फर्म आर. सुनील कुमार ने विगत तीन दशक में ईमानदारी एवं मेहनत से अपनी अमिट पहचान कायम की है। सूरत के फैशनेबल परिधानों की मार्केटिंग में निपुण श्री सुनील कालरा पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने व्यापारियों को त्वरित सेवाएँ देने के लिए भी जाने जाते हैं। व्यवसाय में इनके भतीजे श्री शिवम कालरा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य रूप से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, जम्मू कश्मीर आदि राज्यों में इनका सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क कायम है।

The name you can trust

**सभी तरह के फैशन परिधानों की सप्लाई...**एजेंसी द्वारा सूरत में निर्मित सभी तरह के फैशन परिधानों एवं फैब्रिक्स की सप्लाई सुनिश्चित की गई है। श्री कालरा ने बताया कि साड़ीज, सूट्स, कुर्तीज, लहंगा, रेडीमेड गाउन्स, गारमेण्ट फैब्रिक्स, दुपट्टा, बुर्का फैब्रिक्स जैसी वैरायटीज के नामचीन सप्लायर्स का काम एजेंसी द्वारा किया जा रहा है।

**बोनारो - निर्माताओं के लिए ब्राण्डिंग का अच्छा अवसर...** श्री सुनील कालरा ने कहा कि बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 वस्त्र निर्माताओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसमें भाग लेकर निर्माता राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ब्राण्डिंग कर पहचान स्थापित कर सकते हैं। जयपुर एवं इन्दौर में सफलतापूर्वक दो एक्जीबिशन का आयोजन कर चुकी श्री गोविंदम की पूरी टीम को गोवा-इवेंट के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ।

# सूरत के टॉप ब्राण्ड्स की प्रमुख मार्केटिंग फर्म बी.डी. एजेंसी


श्री भंवरलाल जांगिड़ एवं श्री शैलेष जांगिड़

**सूरत/** सूरत टेक्सटाइल उद्योग में कार्यरत प्रमुख मार्केटिंग फर्म बी.डी. एजेंसी की स्थापना सन् 1986 में श्री भँवरलाल जांगिड़ ने की थी। ईमानदारी एवं कठिन परिश्रम से काम करते हुए इन्होंने स्थानीय मण्डी के टॉप सप्लायर्स काम को प्राथमिकता दी। एजेंसी व्यवसाय में श्री जांगिड़ के साथ श्री दिलिप कुमार जैन तथा इनके सुपुत्र श्री शैलेष जांगिड़ एवं श्री विपुल जांगिड़ अहम भूमिका निभा रहे हैं। सप्लायर्स एवं व्यापारियों के साथ फेयर डीलिंग के साथ व्यवसायरत इस एजेंसी का राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के टॉप होलसेलर्स को सूरत में निर्मित होने वाले टेक्सटाइल उत्पादों की सप्लाई करवाई जा रही है। श्री भँवर लाल जांगिड़ ने चर्चा के दौरान कहा कि अपने व्यापारियों को सूरत के क्वालिटी प्रॉडक्ट निर्माताओं के माल की आपूर्ति रीजनेबल रेट्स में करवाना हमारी एजेंसी का शुरू से ही ध्येय रहा है। व्यापारियों से हमेशा सम्पर्क में रहने के साथ-साथ सूरत मण्डी में होने वाले नये डवलपमेण्ट से उन्हें अवगत कराना, माल की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा मण्डी में आने वाले व्यापारियों को पूरी निष्ठा के साथ सप्लायर्स के यहां विजिट करवाना जैसे काम हमारी एजेंसी नियमित रूप से करती है।

**बोनारो की सफलता सुनिश्चित-** श्री भँवरलाल जांगिड़ ने यह भी कहा कि बोनारो के जयपुर एवं इन्दौर इवेंट बहुत ही शानदार रहे थे। हमें उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण आशा है कि आगामी वेडिंग सीजन के चलते बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 की गोवा एक्जीबिशन पूर्णतया सफल रहेगी।

# ब्राण्डिंग एवं प्रमोशन के लिए बोनारो अच्छा माध्यम -श्री मेहुल जैन


श्री मेहुल जैन

**सूरत/** स्थानीय मण्डी स्थित कपड़ा व्यवसाय में अग्रणी टेक्सटाइल एजेंसी शंखेश्वर टेक्सटाइल्स प्रा. लि. के श्री मेहुल जैन ने बताया कि उनकी एजेंसी द्वारा कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र आदि राज्यों में सूरत के टॉप सप्लायर्स के मालों की आपूर्ति करवाई जा रही है। एजेंसी ने सभी तरह की फैंसी साड़ीज, ड्रेसमटीरियल, कुर्तीज एवं लेडीज रेडीमेड गारमेण्ट्स में नामचीन ब्राण्ड्स की प्रतिस्पर्द्धी दरों पर उपलब्धता पर सुनिश्चित कर रखी है। व्यापारियों एवं निर्माताओं से कमिटमेंट पर खरा उतरने के लिए एजेंसी अपने सिद्धान्तों से कभी समझौता नहीं करती है। व्यापारियों एवं निर्माताओं में भरोसा कायम रखना ही एजेंसी का मुख्य ध्येय है। श्री मेहुल जैन ने कहा कि ब्राण्डिंग एवं प्रमोशन के लिए बोनारो वस्त्र उत्सव अच्छा माध्यम है। व्यापारियों को एक मंच प्रदान करना भी बड़ा काम है, जिसके लिए बोनारो की आयोजक टीम बधाई की पात्र है।

# नये दौर में बोनारो जैसे इवेंट्स की जरूरत -श्री वरदीचंद पटेल


श्री वरदी चंद पटेल

**सूरत/** स्थानीय मण्डी स्थित मशहूर टेक्सटाइल एजेंसी फर्म श्री दत्त टेक्सटाइल सन् 1992 से कपड़ा व्यवसाय में कार्यरत है। वस्त्र व्यवसाय में निपुण टेक्सटाइल एजेण्ट श्री वरदीचंद पटेल के नेतृत्व में एजेंसी सूरत में निर्मित परिधानों की दक्षिण भारत में सप्लाई करवा रही है। एजेंसी व्यवसाय में श्री लहरीलाल पटेल भी अहम् भूमिका निभा रहे हैं। कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु राज्यों के टॉप होलसेल व्यापारियों को श्री दत्त टेक्सटाइल द्वारा सूरत मण्डी के टॉप ब्राण्ड्स के मालों की आपूर्ति प्रतिस्पर्धी दरों में करवाई जा रही है। श्री वरदीचंद पटेल कहा कि वर्तमान दौर में एक्जीबिशन्स एवं कॉन्फ्रेंस जैसे आयोजनों का महत्व बढ़ गया है। व्यापार विकास के लिए 'बोनारो वस्त्र उत्सव' व्यापारियों एवं निर्माताओं दोनों के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है। इसके अतिरिक्त सूरत जैसी मण्डी के लिए तो यह बहुत ही जरूरी है, क्योंकि यहां के विशाल बाजार को एक मंच देना अपने आप में बहुत बड़ा काम है।

# दक्षिण भारत में सूरत के मालों की सप्लाई में प्रमुख मार्केटिंग फर्म विघ्नराजा टेक्सटाइल एजेंसीज


श्री सत्यम भाई एवं श्री गणेश भाई

**सूरत/** सिल्क सिटी सूरत से दक्षिण भारत के टेक्सटाइल बाजारों में फैशन परिधानों की सप्लाई में प्रमुख एजेंसी विघ्नराजा टेक्सटाइल एजेंसीज सन 1991 से टेक्सटाइल क्षेत्र में कार्यरत है। मशहूर टेक्सटाइल एजेंट श्री के. सत्यनारायण (सत्यम भाई) के नेतृत्व में संचालित यह एजेंसी आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना राज्य के टॉप होलसेलर्स व रिटेल व्यापारियों को सूरत में निर्मित फैंसी साड़ी, ड्रेस मटीरियल, लहंगे, लेडीज रेडीमेड गारमेंट्स की सप्लाई करवा रही है। एजेंसी व्यवसाय में श्री सत्यम भाई के साथ इनके युवा सुपुत्र श्री गणेश भाई भी अहम् भूमिका निभा रहे हैं।

## व्यापारियों को बेस्ट प्रॉडक्ट दिलाना एकमात्र लक्ष्य

श्री सत्यम भाई ने कहा कि अपने व्यापारियों को सूरत मंडी के टॉप ब्रांड्स के बेस्ट क्वालिटी प्रॉडक्ट की रीजनेबल रेट्स में सप्लाई करवाना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य हैं। हम ईमानदारी और निष्ठा के साथ व्यापारियों एवं सप्लायर्स के मध्यस्थ के रूप में सम्पूर्ण पारदर्शिता के साथ व्यापार कर रहे हैं। बोनारो वस्त्र उत्सव 3.0 गोवा के लिए हमारी तरफ से शुभकामनाएँ। इस एक्जीबिशन में साउथ से काफी बड़ी संख्या में हमारे व्यापारी पहुंच रहे हैं।

# फैंसी साड़ीज की सप्लाई में प्रमुख सम्भव एजेंसीज


श्री विकास जैन

सूरत/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में 15 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत अग्रणी सम्भव एजेंसी का दक्षिण भारत में एक नामचीन नाम है। एजेंसी के डायरेक्टर श्री विकास जैन ने बताया कि उनके भाई श्री भरत जैन व श्री दीपक जैन तीनों भाई मिलकर एजेंसी को दक्षिण भारत की कपड़ा मण्डी में अग्रणी बनाये हुए हैं। श्री जैन ने बताया कि उनकी एजेंसी साड़ी एवं ड्रेस मटीरियल का कार्य आन्ध्रप्रदेश, तेलगांना व कर्नाटक में कर रही है। एजेन्सी में नये-नये उत्पाद अपने व्यापारियों को देते रहते हैं। श्री जैन ने बोनारों टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वस्त्र व्यापार के संवर्द्धन में एक्जीबिशन्स का अहम योगदान होता है।

# सूरत की ख्यातनाम मार्केटिंग फर्म रुचि टेक्सटाइल एजेन्सी


श्री तरूण कुमार जैन

सूरत/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 8 वर्षों से एजेन्सी कार्य में सिद्धहस्त कम्पनी रुचि टेक्सटाइल एजेंसी सूरत की अग्रणी एजेन्सियों में गिनी जाती है। कम्पनी के संस्थापक श्री तरुण कुमार जैन की व्यावसायिक कुशलता, दृढ़ इच्छा शक्ति व ईमानदारी से आज एजेन्सी मध्यप्रदेश व राज-स्थान में अपनी धाक जमाए हुए है। सूरत की फैन्सी एवं प्रिण्टेड साड़ियों व लहंगे को ऑल इण्डिया में और अधिक पहचान दिलाने के लिए रुचि टेक्सटाइल एजेंसी सफलता की ओर अग्रसर है।

**बोनारो टीम को शुभकामनाएँ** - श्री तरुण कुमार जैन ने बोनारो टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इसी तरह हर साल नई-नई जगहों पर इवेन्ट होते रहें और सूरत वस्त्र व्यापार को निरन्तर बढ़ावा मिलता रहे।






# अमरसरिया ग्रुप द्वारा देवेश ट्रेडिंग कंपनी का शुभारंभ

## GRADO एवं ARVIND के ऑथोराइज्ड डीलर नियुक्त





जयपुर/ स्थानीय वस्त्र व्यवसाय में नामचीन अमरसरिया ग्रुप ने देवेश ट्रेडिंग कंपनी नाम से GRADO एव ARVIND के ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर का कार्य आरंभ किया है। संस्था के डायरेक्टर श्री राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि 15 फरवरी को GRADO के सीएमओ श्री मनीष शुक्ला, GRADO के जनरल मैनेजर श्री कमलेश नौलखा की उपस्थिति में देवेश ट्रेडिंग कंपनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। दोनों ब्रांड की विशाल कलेक्शन और बेहतरीन वैरायटी के साथ हम नए पथ पर अग्रसर हैं। साथ ही हमें ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त करने के लिए हम दोनों कंपनियों का आभार प्रकट करते हैं। रिटेल व्यवसाय में देवेश ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से हम बेहतरीन सुविधा के साथ समय-समय पर श्रेष्ठ उत्पाद मुहैया कराते रहेंगे।








# सत्यनारायण सीताराम (पंचरतन ग्रुप) ने स्पॉट बुकिंग में रचा इतिहास

## रिटेलर को दी मारुति अल्टो और बुलेट














**राँची/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में स्थित सूटिंग शर्टिंग के प्रतिष्ठित डीलर सत्यनारायण सीताराम द्वारा 9 फरवरी 2021 को अपने पंचरतन ग्रुप द्वारा निर्मित विश्वस्तरीय व्यवसायिक भवन पंचरतन गैलरिया के चतुर्थ फ्लोर पर सूटिंग, शर्टिंग, रेडिमेड, धोती, लॉन्ग क्लॉथ एवं कॉम्बो की विस्तृत रेंज की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में झारखण्ड, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल से लगभग 550 रिटेलरों ने भाग लिया। यह प्रदर्शनी आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित की, जिसमें सभी व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर बुकिंग कराई।

इस प्रदर्शनी में उपस्थित सभी कम्पनियों द्वारा अपने नवीनतम उत्पादों का भव्य डिस्प्ले 11000 वर्ग फीट में किया गया था। जिसमें सियाराम सिल्क मिल्स लिमिटेड, डोनियर एन.एक्स.जी, ओ.सी.एम, जालान सिल्क मिल्स प्रा. लिमिटेड, रेमण्ड लिमिटेड, क्यूमैक्स टेक्सटाइल मिल्स लिमिटेड, क्यूमैक्स वर्ल्ड लिमिटेड, नवसारी इंडस्ट्रीज, जेठिया ग्लोबल, जुबली टेक्सटाइल मिल्स, टाइटन टेक्स फेब प्रा. लिमिटेड के सभी उत्पादों को बाहर से आए रिटेलर्स द्वारा जबरदस्त सराहना मिली।

इस दौरान डोनियर एन.एक्स.जी के मालिक श्री राहुल अग्रवाल, जालान सिल्क मिल्स के मालिक श्री घनश्याम जालान, एवं क्यूमैक्स टेक्सटाइल मिल्स के मालिक श्री अनिल टिबरेवाल भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में उपस्थित सभी कम्पनियों के डायरेक्टर्स द्वारा बाहर से आए सभी रिटेलर बन्धुओं का सत्यनारायण सीताराम के प्रति अटूट प्रेम और विश्वास की सरहना की तथा व्यापार में वृद्धि और व्यापारिक उत्थान के मूल मन्त्र भी दिए। प्रदर्शनी में व्यापरियों का उत्साह देखने लायक था। सत्यनारायण सीताराम के मालिक श्री कमल मोर, श्री पियूष मोर और श्री प्रतीक मोर ने व्यापारियों का धन्यवाद प्रकट किया और कहा के वे इस प्यार, विश्वास और उत्साह का सम्मान करते हैं। उन्होंने व्यापारियों की प्रगति और सफलता की कामना की।

इस प्रदर्शनी में व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें सर्वोच्च स्पॉट बुकिंग पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार मारुति अल्टो 800 ''जूही वस्त्रालय-चितरपुर के श्री अयुब भाई'' को, द्वितीय पुरस्कार रॉयल एनफील्ड 350 ''महालक्ष्मी वस्त्रालय-गोंदि्लपोकर के श्री आनन्द साहू'' को, तृतीय पुरस्कार में दो व्यापारियों को दिया गया जिसमें होंडा एचएफ डावन ''नंदिनी वस्त्रालय-गोला के श्री विक्की भाई'' और ''निसार इंटरप्राइजेज-सिमडेगा के श्री निसार भाई'' को दिए गए। साथ ही 04 वाशिंग मशीन, 08 मोबाइल फ़ोन, 11 माइक्रोवेव ओवन एव 21 सान्त्वना पुरस्कार भी दिए गए। प्रदर्शनी में उपस्थित प्रत्येक व्यापारी को डिनर सेट निश्चित उपहार के रूप में दिया गया।

विदित रहे कि झारखण्ड के राँची शहर में लगभग 100 साल पुरानी फर्म सत्यनारायण सीताराम निरन्तर बुलन्दियों की और अग्रसर होती जा रही है। फर्म की स्थापना श्री कमल कुमार मोर के परदादा द्वारा की गयी थी। अब फर्म को चौथी जनरेशन के द्वारा सम्पूर्ण कामकाज देखा जा रहा है। साथ ही ये झारखण्ड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के फाउण्डर मेम्बर भी हैं।














### मांग नहीं होने से रुई में स्थिरता

# आगामी चाल सीसीआई की नीतियों पर निर्भर

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रुई में घरेलू मांग तथा निर्यात दोनों में सुस्ती है। 2020-21 के सीजन के चार महीने के दौरान 71 प्रतिशत माल बाजार में आ चुका है। रुई की स्थानीय खपत में 80 लाख गांठ की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। जो रुई आयात की जाती थी, उससे बनते यार्न पर पांच प्रतिशत जीएसटी के साथ बिक्री की जाती थी। अब आयातित रुई पर 10 प्रतिशत ड्यूटी बढ़ जाने से इससे बनता यार्न अधिक महंगा होगा, इस कारण देसी रुई की मांग बढ़ेगी। इसके बाद किसानों को प्रति गांठ रुई के भाव 20 प्रतिशत अधिक मिलने की शुरुआत हो चुकी है। पिछले वर्ष के दौरान किसानों को प्रति खंडी भाव 33 से 35 हजार की रेंज में मिल रहा था, जो अब 42 से 43 हजार की रेंज में है। खुले बाजार में कपास एवं रुई की आवक घट रही है। इसके साथ ही मिलों की मांग नहीं होने से अभी कारोबार सुस्त है। कॉटन यार्न के भाव हाल में घटे थे, इसका भी असर रुई की मांग पर पड़ा है, दूसरे यार्न बनाती मिलों के पास 45 से 100 दिनों की इन्वेन्टरी होने से उनकी खरीद घटी है। ये मिलें रुई की खरीद सीसीआई से करती है। कॉटन मिलों की नई खरीद मार्च बाद ही निकलने की अपेक्षा है। छोटी मिलों के पास 45 से 60 दिन और बड़ी मिलों के पास 100 दिनों की इन्वेन्टरी को ध्यान में रखते हुए बाजार के जानकारों का ऐसा मानना है कि अब रुई के भाव में आगामी मूवमेंट अप्रैल में ही दिखाई देने की संभावना है। मांग नहीं होने से रुई के भाव में स्थिरता नजर आ रही है।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर से शुरु सीजन के पहले चार महीने में अनुमानित कुल उत्पादन 360 लाख गांठ में से करीब 71 प्रतिशत अर्थात 255.25 लाख गांठ रुई बाजार में आ चुकी है। इस समीक्षा अवधि में 125 लाख गांठ खुलता स्टॉक, और 6 लाख गांठ आयात को मिलाकर रुई की कुल आपूर्ति 386.25 लाख गांठ हो गई है। इसके सामने स्थानीय खपत 110 लाख गांठ, 29 लाख गांठ निर्यात और मिलों के पास करीब 75 लाख गांठ स्टॉक तथा जीनर्स सहित अन्य एजेंसियों के पास कुल 172.25 लाख गांठ स्टॉक रहने का अनुमान है। आयात घटकर 14 लाख गांठ और निर्यात 4 लाख गांठ बढ़कर 54 लाख तक पहुंचने की धारणा व्यक्त की गई है। निर्यात में कुछ मांग है। भारत एवं पाकिस्तान के बीच व्यापार बंद है। भारतीय रुई पाकिस्तान नहीं जा रही है। यदि चीन की खरीदी निकले तो रुई के भाव बढ़ सकते हैं। चीन को करीब 15 लाख गांठ रुई के निर्यात करने की संभावना है। बांग्लादेश को देश से 18 से 20 लाख गांठ रुई का निर्यात किया जाता है। लेकिन चालू वर्ष में यहां भी निर्यात कम है। इसका कारण देश में ऑर्गेनिक रुई की कमी है, वहीं वियतनाम की रुई की खरीदी सामान्य रही है। आयातित रुई पर आयात शुल्क बढ़ा देने से सीसीआई भी घरेलू बाजार में रुई के भाव बढ़ा सकता है। बाजार की आगामी चाल सीसीआई की नीतियों पर निर्भर करता है कि आगे वह किस तरह का कदम उठाने जा रही है।













# वर्ष 2019-20 में बढ़ा रॉ सिल्क आयात

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान देश में 3,315 टन रॉ सिल्क का आयात किया गया, जबकि इससे पूर्व यानि वर्ष 2018-19 के दौरान आयात 2,78 5 टन था। देश के घरेलू उत्पादकों के हितों की रक्षा और बढ़ते आयात को रोकने के लिए सरकार ने 2021-22 के बजट में सिल्क के आयात पर शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस प्रकार सिल्क यार्न पर आयात शुल्क बढ़ाया गया है। भारत सिल्क का सबसे अधिक आयात चीन से करता है।

# सीसीआई की कॉटन की भारी मांग

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

इस समय कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की कॉटन की मिलों और निर्यातकों की भारी मांग बनी हुई है। हालांकि गत सप्ताह सीसीआई ने कॉटन के बेस प्राइस में 200-500 रुपए प्रति खंडी की वृद्धि की थी, लेकिन उसके बावजूद मांग अच्छी रही। सीसीआई ने चालू सीजन की कॉटन के बेस प्राइस में 500 रुपए खंडी की वृद्धि की थी, जबकि पुराने सीजन की कॉटन के भाव 200 रुपए बढ़ाए थे। इसके बावजूद केवल दो दिनों (मंगलवार और बुधवार) को लगभग 5 लाख गांठ बेची, जिसमें लगभग 21,000 गांठ निर्यात के लिए भी थी। उल्लेखनीय है कि सीसीआई पुराने सीजन की लगभग सारी कॉटन बेच चुकी है तथा चालू सीजन की भी काफी मात्रा बेच चुकी है।




# ऐब्सोल्यूटो डिस्ट्रीब्यूटर गौरव सिंथेटिक्स ने किया शानदार कॉन्फ्रेंस का आयोजन




पटना/ ऐब्सोल्यूटो के बिहार में पटना स्थित डिस्ट्रीब्यूटर गौरव सिंथेटिक्स द्वारा आयोजित सफल कॉफ्रेंस पर सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्थान के श्री संजय बिदासरिया ने बताया कि बिहार के लोग ऐब्सोल्यूटो ब्रांड को काफी पसंद करते है व किसी भी प्रकार का कोई भी उत्सव हो, पहनावे के लिए पहली पसंद ऐब्सोल्यूटो ही होती है। आज फैशनपरस्त समय में बेहतर रंगों के मिश्रण के साथ यदि एक्सक्लूसिव डिजाइन्स देने में कंपनी समर्थ है, तो बाजार तो स्वीकार करेगा ही और ऐब्सोल्यूटो यह सब दे रहा है। यही कारण है बिहार के व्यापारियों पर ऐब्सोल्यूटो की पकड़ का। पटना के मौर्या होटल में 9 फरवरी को आयोजित इस कांफ्रेंस में बिहार के विभिन्न हिस्सों से आये व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व ऑर्डर्स दिए। श्री संजय बिदासरिया ने कॉफ्रेंस में सहयोग करने के लिए सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।








# SUN INITIATIVE ORGANISED SUCCESSFUL CONFERENCE OF ABSOLUTO IN GOA




**Secunderabad**/ Grand success of ABSOLUTO conference SS - 21 - Goa organized by M/s. Sun Initiative Pvt. Ltd. Secundrabad, distributor for Andhra Pradesh & Telangana. The well-known fancy TR brand ABSOLUTO launched new collection SS – 21 which is accepted & appreciated by Andhra /Telangana retailers in conference –SS 21, said by ABSOLUTO's Andhra Pradesh and Telangana distributor Sun Initiative Pvt. Ltd., Secunderabad's Shri Sri Harsha Soma. Sri Harsha Soma told that today fashion is the world of choice and the youth of today need something new every day which the ABSOLUTO brand achieved a new position in providing, and that is why we succeeded. Agent Mr. Uma Mahesh Juloori said that they invited andhra / telangana retailers to hotel Novotel in Goa which was 100 % accepted and arrived in goa with great enthusiasm and appreciating the new range offered by ABSOLUTO for their orders for the coming time. Shri Harsha Soma thanked the retailers, agent Mr. Jooluri and ABSOLUTO management for their support in the conference.







स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**